www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 25 || अम्बेडकरनगर
शुक्रवार
19 अप्रैल 2024 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव

दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:39
सूर्यास्तः 06:32
अधिकतमः 40°00
न्यूनतमः 26°00

पेज 07

विशेष समाचार | 2047 तक भरमाइये नहीं ... >> पेज 04 | दुकानदार की गला रेतकर... >> पेज 06 | इस एक्ट्रेस को कपूर खानदान...

आम चुनाव के पहले चरण में 102 सीटों पर मतदान की तैयारी पूरी ■ 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान आज

संदेश

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आम चुनाव-2024 के पहले चरण के मतदान दिवस की पूर्व संध्या पर देश के 97 करोड़ मतदाताओं के नाम संदेश में कहा, "आप अपना वोट डालें और 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' के उत्सव में भाग लें।"

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों पर खड़े 80 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज होगा। पहले चरण में 1.44 करोड़ से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। चुनाव आयोग ने 14845 मतदान स्थलों में से 3571 पोलिंग बूथों को संवेदनशील की श्रेणी में रखा है। आपात स्थिति के लिए हेलीकाप्टरों और एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। >> (शेष पेज 06 पर)

मतदान की अचूक निगरानी

- 8 सामान्य प्रेक्षक
- 5 पुलिस प्रेक्षक
- 10 व्यय प्रेक्षक
- 1272 सेक्टर मजिस्ट्रेट
- 150 जोनल मजिस्ट्रेट
- 103 स्टैटिक मजिस्ट्रेट
- 1861 माइक्रो आब्जर्वर
- 65380 मतदान कर्मचारी

ईवीएम और कर्मचारी

- 18662 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट
- 18734 बैलेट यूनिट
- 19603 वीवी पैट
- 111 आदर्श पोलिंग बूथ
- 45 महिला प्रबंधित पोलिंग बूथ
- 36 युवा कर्मी पोलिंग बूथ
- 32 दिव्यागों द्वारा प्रबंधित पोलिंग बूथ

7500 से ज्यादा पोलिंग बूथों की लाइव वेबकास्टिंग

स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में अर्धसैनिक बल तैनात किए जाएंगे। हेलीकाप्टर की लोकेशन 18-19 अप्रैल को मुरादाबाद और एयर एंबुलेंस की लोकेशन 19 अप्रैल को बरेली में रहेगी। 50 फीसदी मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी और भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से की जाएगी। इसके अलावा 1510 पोलिंग बूथों पर वीडियोग्राफी कराई जाएगी।

मतदान अवधि के दौरान बीएलओ को निर्देश दिए गए हैं कि वे अल्फाबेटिक लोकेटर मतदाता सूची के साथ हेल्पडेस्क पर मौजूद रहेंगे। वे मतदाताओं की मदद करेंगे। मतदान प्रतिशत की जानकारी प्रत्येक दो घंटे में मीडिया को अपडेट की जाएगी। ईवीएम खराब है तो आधे घंटे से ज्यादा समय दोबारा मतदान शुरू करने में नहीं लगेगा।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,04,84,435 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 63,50,390 तथा निजी स्थानों से 41,34,045 प्रचार-प्रसार सामग्री उतारी गईं। अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1262 मामलों में और लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2191 मामलों में कार्यवाही की गयी। >> (शेष पेज 06 पर)

सपा और बसपा के शासनकाल में दंगा और कर्फ्यू आम बात थी

अब है विकास का साम्राज्यः योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के शासनकाल में दंगा और कर्फ्यू आम बात थी जबकि उनकी सरकार में सदृढ़ कानून व्यवस्था के चलते विकास का साम्राज्य है। सिकंदराबाद में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये श्री योगी ने कहा कि आस्था, सुरक्षा व समृद्धि के लिए भाजपा आवश्यक है। सपा-बसपा व कांग्रेस के लोग कर्फ्यू वाले हैं। इनके राज में महीनों कर्फ्यू लगा रहता था पर आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं है। दंगा कराकर यह लोग प्रदेश को अस्त-व्यस्त करते थे। यह दंगा पॉलिसी चलाते थे, हम विकास की पॉलिसी चलाते हैं। हमारी सरकार में सामान्य प्रदेशवासियों को 'राम-राम' और माफिया-अपराधियों के लिए 'राम नाम सत्य' की यात्रा के रास्ते खुले रहेंगे।

व्यवस्था

तमसा संकेत, एजेंसी

बुलंदशहर। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि सपा और बसपा के शासनकाल में दंगा और कर्फ्यू आम बात थी जबकि उनकी सरकार में सदृढ़ कानून व्यवस्था के चलते विकास का साम्राज्य है। सिकंदराबाद में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि आस्था, सुरक्षा व समृद्धि के लिए भाजपा आवश्यक है। >>(शेष पेज 06 पर)

जेवर में तैयार है एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट जेवर में बनकर तैयार है और जल्द ही एयरपोर्ट पर ट्रायल शुरू हो जाएगा जिससे क्षेत्र के लोगों को सुविधा के साथ रोजगार मिलेगा। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा के समर्थन में बुलंदशहर जिले के झाझर कस्बे में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए चौमुखी विकास में भारत का नाम विश्व की पटल पर आ गया है। इसी के साथ-साथ प्रदेश में डबल इंजन की सरकार से विकास की चहुमुखी हवा भी चल रही है।

दादा की कर्मभूमि में जयंत चौधरी हुए लोगों से रूबरू

सीट पाने के लिए जी तोड़ कर रहे मेहनत

तमसा संकेत, एजेंसी

बागपत। अपनी पुश्तैनी सीट बागपत को वापस पाने के लिए राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) मुखिया जयंत चौधरी जी जान से जुट गए है। गुरुवार को जयंत चौधरी अपने दादा व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की कर्मभूमि छपरौली से शक्ति रथ पर सवार होकर अपने मतदाताओं से रूबरू होने निकले हैं। >> (शेष पेज 06 पर)

■ अपनी पुश्तैनी सीट को वापस पाने के लिए रालोद मुखिया जी जान से जुट गए

फास्ट न्यूज

'उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने की जरूरत नहीं'

नागपुर। आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि आरएसएस 2025 में अपना शताब्दी वर्ष नहीं मनाएगा। मोहन भागवत ने कहा संघ का अपनी उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने का इरादा नहीं है। एक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर भागवत ने यह भी कहा कि जब 1925 में नागपुर में आरएसएस का गठन हुआ था, तब पदाधिकारियों को कड़े विरोध, संसाधनों की कमी और लोगों को जोड़ने में कठिनाई का सामना करना पड़ा था।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख : फायरिंग में दो आरोपितों का समर्पण

लखनऊ। काकोरी के तेजकिशनखेड़ा में भाजपा नेता और पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम विलास रावत पर फायरिंग करने में शामिल दो आरोपियों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। फायरिंग के दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख का बचान करते हुए किसान अनंत राम की गोली लगने से मौत हुई थी। 12 अप्रैल की रात पूर्व ब्लॉक प्रमुख तेजकिशनखेड़ा में एक तिलक समारोह में शामिल हुए थे। दावत से बाहर निकलते वक्त राम विलास पर बाइक से आए बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई थी। हमले की साजिश केंद्रीय मंत्री के पूर्व पीआरओ शुभम रावत उर्फ मोनू ने भाई अखिलेश और साथियों के संग मिल कर रची थी।

जाब के युवा जोश आशुतोष पर भारी पड़ा मुंबई का अनुभव

चंडीगढ़। आईपीएल 2024 के 33वें मैच में मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को नौ रनों से हराकर अंक तालिका में सातवां स्थान प्राप्त कर लिया। अब टीम के खाते में छह अंक हो गए हैं जबकि पंजाब की टीम चार अंकों के साथ नौवें स्थान पर बनी है। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 192 रन बनाए। इसके जवाब में पंजाब की टीम 183 रन बना सकी और 19.1 ओवर में ऑलआउट हो गई। मुंबई के लिए गेराल्ड कोएत्जी और जसप्रीत बुमराह ने घातक गेंदबाजी की।

जेल में मीठा खाने के दावे पर आतिशी का बयान

सीएम की दवाई कस्टडी में रोकी गई : आतिशी

बयान

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आहार को लेकर कोर्ट में झूठ बोला है कि वह चीनी वाली चाय पी रहे हैं और आम व मिठाई खा रहे हैं। यह पूरी तरह से झूठ है। केजरीवाल कृत्रिम स्वीटनर ले रहे हैं।

आतिशी ने कहा कि ईडी ने कोर्ट को बताया कि केजरीवाल केले खा रहे हैं। कोई भी डॉक्टर आपको बता देगा कि डायबिटीज के रोगियों को केला या कोई टॉफी या चॉकलेट अपने पास रखने के लिए कहा जाता है, क्योंकि शुगर के स्तर में गिरावट जीवन के लिए खतरनाक हो सकती है। ईडी ने कहा कि केजरीवाल आलू पूड़ी खा रहे हैं। इतना झूठ बोलने के लिए ईडी को भगवान से डरना चाहिए। >> (शेष पेज 06 पर)

स्वदेशी 'निर्भय' क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण ■ राडार को धोखा देने में है माहिर

भारत की बड़ी कामयाबी !

तमसा संकेत, एजेंसी

भुवनेश्वर। लंबी दूरी की निर्भय क्रूज मिसाइल का गुरुवार को ओडिशा तट पर सफल परीक्षण किया गया, मिसाइल, जिसे स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज़ मिसाइल के रूप में भी जाना जाता है, एक स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली और माणिक टर्बोफैन इंजन से लैस है। मिसाइल को बेंगलुरु स्थित डीआरडीओ प्रयोगशाला एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (ADE) द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है।

परीक्षण रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा ओडिशा के तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) से आयोजित किया गया था। इस सफल उड़ान परीक्षण ने गैस टर्बाइन अनुसंधान प्रतिष्ठान, बेंगलुरु द्वारा विकसित स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली के विश्वसनीय प्रदर्शन को भी स्थापित किया। >> (शेष पेज 06 पर)

सुपरसोनिक हथियार को बेंगलुरु स्थित डीआरडीओ प्रयोगशाला एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (ADE) द्वारा अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और स्वदेशी उद्योगों के योगदान से विकसित किया गया है। इस परीक्षण को देश भर में स्थित विभिन्न डीआरडीओ प्रयोगशालाओं के कई वरिष्ठ वैज्ञानिकों के साथ-साथ उत्पादन भागीदारों के प्रतिनिधियों ने भी देखा।

वेपॉइंट नेविगेशन का उपयोग करके वांछित पथ का अनुसरण किया

मिसाइल ने वेपॉइंट नेविगेशन का उपयोग करके वांछित पथ का अनुसरण किया और बहुत कम ऊंचाई वाली समुद्री-स्किमिंग उड़ान का प्रदर्शन किया। मिसाइल की उड़ान की निगरानी IAF Su-30-Mk-I विमान द्वारा भी की गई। बेहतर और विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए मिसाइल उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से भी लैस है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ को बधाई दी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ITCM के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इंडिजिनस प्रोपल्शन सिस्टम से लैस लंबी दूरी की सबसोनिक क्रूज मिसाइल का विकास रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के लिए एक मील का पत्थर है।

वहीं, रक्षा विभाग अनुसंधान और विकास (R&D) के सेक्रेटरी और डीआरडीओ के प्रेसिडेंट समीर वी कामत ने भी डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी है।

सुनवाई : संभव नहीं मशीन से छेड़छाड़', सुप्रीम कोर्ट में बोला ईसी

आशंकाओं को लेकर उठ रहा ईवीएम पर सवाल

■ एससी ने पूछा- वोटर्स को वोटिंग पर्ची क्यों नहीं दे सकते, ईसी बोला- इसका गलत इस्तेमाल होगा

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के वोटों और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल पर्चियों की 100% क्रॉस-चेकिंग की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने ADR समेत अन्य वकीलों और चुनाव आयोग की 5 घंटे दलीलें सुनी। याचिकाकर्ताओं की तरफ से एडवोकेट प्रशांत भूषण, गोपाल शंकरनारायण और संजय हेगड़े पैरवी कर रहे हैं। >> (शेष पेज 06 पर)

एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कोर्ट के सामने एक रिपोर्ट पेश की। इसमें आरोप था कि केरल में मॉक पोलिंग के दौरान भाजपा को ज्यादा वोट जा रहे थे। इस पर कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील मनिंदर सिंह से पूछा कि ये कितना सही है। सिंह ने कहा कि ये खबरें झूठी और बेबुनियाद है।

ईवीएम-वीवीपैट वेरिफिकेशन पर 5 घंटे सुनवाई, फैसला सुरक्षित

सुप्रीम कोर्ट में कई बार उठा है मुद्दा

2019 के लोकसभा चुनावों से पहले, 21 विपक्षी दलों के नेताओं ने भी सभी EVM में से कम से कम 50 प्रतिशत VVPAT मशीनों की पर्चियों से वोटों के मिलान करने की मांग की थी। चुनाव आयोग हर निर्वाचन क्षेत्र में सिर्फ एक EVM का VVPAT मशीन से मिलान करता था। 8 अप्रैल, 2019 को मिलान के लिए EVM की संख्या 1 से बढ़ाकर 5 कर दी थी।

गाजियाबाद से गाजीपुर तक होगा भाजपा का सफाया : अखिलेश

कन्नौज में सपा प्रमुख अखिलेश का बड़ा दावा

दावा

सपा के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा का उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक सफाया हो जाएगा।

तमसा संकेत, एजेंसी

कन्नौज। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि इस बार लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक सफाया हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन के उम्मीदवार जोरदार जीत हासिल करेंगे। यादव ने कन्नौज के भूड़ पुरवा गांव में कथित रूप से बेरोजगारी से परेशान होकर अपने शैक्षणिक दस्तावेज जलाकर खुदकुशी करने वाले युवक ब्रजेश पाल के परिजन से मुलाकात कर उनके प्रति संवेदना प्रकट की। सपा अध्यक्ष ने इस मौके पर भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा, भाजपा की सरकार में युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। >> (शेष पेज 06 पर)

17 अप्रैल को कुल 297.37 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

ड्रग बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त

निर्देश

01 मार्च से 17 अप्रैल तक कुल 16024.97 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की गयी

1159.26 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 17 अप्रैल, 2024 तक कुल 16024.97 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2838.12 लाख रुपये नकद धनराशि, 3929.60 लाख रुपये कीमत की शराब, 5941.95 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2156.05 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1159.26 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 17 अप्रैल, 2024 को कुल 297.37 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 83.38 लाख रुपये नकद धनराशि, 104.69 लाख रुपये कीमत की 36949.70 लीटर शराब एवं 109.29 लाख रुपये कीमत की 78341 ग्राम ड्रग जब्त की गयी।

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। 17 अप्रैल, 2024 को प्रमुख जब्ती में जनपद बुलन्दशहर की बुलन्दशहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 3.31 लाख रुपये नकद एवं 15.21 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 5734.80 लीटर शराब, जनपद बुलन्दशहर की डिबाई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 14.70 लाख रुपये नकद एवं 1.14 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 437 लीटर शराब तथा जनपद बुलन्दशहर की खुर्जा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 14.34 लाख रुपये नकद एवं 3.31 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 888 लीटर शराब जब्त की गई। इसी प्रकार जनपद बरेली की फरीदपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 53 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 1015 ग्राम ड्रग तथा जनपद सोनभद्र की घोरावल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 31.8 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 159 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी निर्देशों का किया जा रहा कड़ाई से अनुपालन

डिजिटल दुनिया में पढ़ने के भविष्य की खोज...?

बुक ए ट्रीट ने हिल्टन गार्डन इन में मनाई पहली वर्षगांठ

गोष्ठी

कार्यक्रम का संचालन (शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय की प्रधानाचार्या) सुश्री मितुषी नेगी ने किया

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। बुक ए ट्रीट ने हिल्टन गार्डन इन में अपनी पहली वर्षगांठ मनाई, जिसमें डिजिटल दुनिया में पढ़ने के भविष्य की खोज विषय पर शहर की प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ एक गोष्ठी हुई।

बुक ए ट्रीट की संस्थापिका सुश्री शिल्पा गुप्ता के लिए लेखकों से लेकर शिक्षाविदों, उद्योग जगत से लेकर प्रकाशन गृहों तक के प्रतिष्ठित दिग्गजों का स्वागत करना, ज्ञान की बातें साझा करने के साथ-साथ क्लब की यात्रा को देखना गर्व का क्षण था।

गोष्ठी के प्रतिष्ठित अतिथि वक्ता थे - सुश्री कविता पाठक (निदेशक : जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (JIMS), श्री रवि भट्ट (एक प्रतिष्ठित लेखक) , श्री गौरव प्रकाश (शहर की सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित पुस्तक दुकानों के उद्यमी), सुश्री बीना कृष्णा ने डिजिटल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्मों के युग और आज के लगातार विकसित हो रहे साहित्यिक परिदृश्य में पुस्तकों की भूमिका और स्थिति पर दिलचस्प प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम का संचालन (शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय की प्रधानाचार्या) सुश्री मितुषी नेगी ने किया, जिन्होंने पूरे शो को सुचारू रूप से और निर्बाध रूप से चलाया। इसके अतिरिक्त, सदस्य वक्ता सुश्री आकृति अग्रवाल और सुश्री अंकिता सिंह ने हमें वर्ष की अपनी पसंदीदा पुस्तकों के साथ बुक क्लब की एक झलक दी।

सुश्री शिल्पा गुप्ता द्वारा स्थापित, बुक ए ट्रीट, एक प्रतिष्ठित और अद्वितीय पुस्तक क्लब है, जो हर महीने पाठकों को विभिन्न पुस्तकों, लेखकों, लेखन शैलियों और प्रासंगिक दृष्टिकोणों की बारीकियों को जानने के लिए एक साथ लाता है, जिससे एक समृद्ध और जीवंत समुदाय बनता है।

फास्ट न्यूज

अच्छी फिल्में बच्चों को अच्छा इंसान बनाती हैं : अनूप जलोटा

लखनऊ। कानपुर रोड स्थित सीएमएस में अन्तरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव में गुरुवार को भजन गायक पद्मश्री अनूप जलोटा, अभिनेता दर्शील सफारी एवं अली हाजी ने बच्चों को उत्साहवर्धन किया। अनूप जलोटा ने कहा कि अच्छी फिल्में बच्चों को अच्छा इंसान बनाती हैं। फिल्मों से अच्छी आदतों और बातों को जीवन में अमल लाएं। महोत्सव में कई देशों की बाल फिल्में दिखायी गईं। फिल्म महोत्सव में सीएमएस के अलावा लखनऊ के दूसरे स्कूलों के छात्रों और शिक्षकों ने फिल्में देखी।

गोमतीनगर समेत कई इलाकों में आज बत्ती गुल

लखनऊ । लखनऊ के राजाजीपुरम, गोमतीनगर, पुरानिया, हुसैनगंज और जानकीपुरम सहित कई इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इस दौरान लेसा फीडर व ट्रांसफार्मर में मरम्मत कार्य करेगा। इससे करीब डेढ़ लाख आबादी प्रभावित रहेगी। राजाजीपुरम पाल तिराहा उपकेंद्र सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक बिजली गुल रहेगी। इससे शीला गार्डेन, सोनापुरम, मुन्नी विहार, कनक सिटी, आलमनगर, आस्था सिटी, केतन विहार, अशोक नगर, शिवाजीपुरम, आलमनगर पुल सेक्टर-11 सहित कई इलाके प्रभावित रहेंगे। गोमतीनगर के विपिनखंड और विराजखंड उपकेंद्र सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बंद रहेगा।

थमेगी हवाओं की रफ्तार, बढ़ेगी उमस

लखनऊ। मौसम में फिर बदलाव होने के आसार हैं। दो दिनों से चल रही तेज हवाओं का सिलसिला थमने के साथ फिर उमस सताएगी। मौसम विभाग के अनुसार हवा के दबाव का क्षेत्र बन रहा है। इससे सूबे के पश्चिमी हिस्सों में कहीं-कहीं हल्की फुहार पड़ेगी। इसके असर से हवा का रुख पश्चिम से पूर्व की बजाए एक दो दिन पूर्व से पश्चिम रहेगा। ऐसे में हवा में नमी की मात्रा बढ़ जाएगी।

क्षत-विक्षत अवस्था में बरामद प्रेमी युगल का शव

-पुलिस कर रही मामले की जांच पड़ताल

तमसा संकेत, संवाददाता

मसौली बाराबंकी। साथ जी न सके तो साथ मरने की कसम खाकर अलग अलग समुदाय के युगल प्रेमी ने ट्रेन से कटकर जीवनलीला समाप्त कर ली। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची जीआरपी एव मसौली पुलिस ने मौका मुआयना कर जीआरपी पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अयोध्या जनपद के थाना मवई क्षेत्र के ग्राम पकरिया मजरे हरिहरपुर निवासी है।

मामला मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम पहलीपार के निकट से लखनऊ अयोध्या रेलवे मार्ग पर पड़े युगल प्रेमी के क्षतविक्षत शव को देखकर हड़कंप मच गया रसौली रेलवे स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची जीआरपी एव मसौली पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर शिनाख्त की कोशिश की तो युवक के पास मिले आधार कार्ड एव लाइसेंस पर युवक की शिनाख्त अयोध्या जनपद के मवई थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया मजरे हरिहरपुर निवासी 22 वर्षीय शैलेन्द्र कुमार दुबे उर्फ़ जैकी पुत्र पवन कुमार के रूप मे हुई। परिजनों को दी गयी सूचना पर पहुंचे मृतक के चाचा हरिनरायण दुबे ने बताया की मृतक की गुरुवार को बरीक्षा थी। जिसकी तैयारियां घर चल रही थी और 26 अप्रैल को जैकी का विवाह था।

जीआरपी पुलिस ने भरा पंचनामा

प्रेमी युगल के दोनो शव ट्रैक के अंदर होने के कारण बाराबंकी जीआरपी पुलिस ने पंचनामा भरकर शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

घटनास्थल से 50 मीटर की दूरी पर खड़ी थी बाईक

करीब 35 किमी की दूरी तय कर बाईक से आये युगल प्रेमियों ने करीब 50 मीटर पहले बाईक को खड़ी कर साथ साथ मरने की कसम खाते हुए बाराबंकी से अयोध्या जाने वाली अप लाइन पर जीवनलीला समाप्त कर ली।

मृतक के चाचा ने की प्रेमिका की शिनाख्त

मौक़े पर पहुंचे मृतक जैकी के चाचा हरिनरायण ने बताया कि मृतका पकरिया निवासी इबरार की 26 वर्षीय पुत्री माहेनिगार है जिसकी शादी अमेठी जनपद के शुक्लबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदीपुर निवासी महबूब के साथ हुई थी महबूब वर्तमान समय मे सऊदी अरब में है तथा करीब 10 दिन पूर्व माहेनिगार ससुराल से पकरिया गांव आयी थी पड़ोसी होने के कारण बुधवार की शाम को माहेनिगार की दवा लेने के लिए दोनो मोटरसाइकिल से निकले थे।

दवा लेने के बहाने दोनों घर से निकले थे

अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि मृतक युवक की पहचान अयोध्या जिले में मवई थाना क्षेत्र के पकरिया गांव निवासी शैलेंद्र कुमार दुबे (25 वर्ष) के रूप में हुई, जबकि युवती इसी गांव की निवासी माहे निगार (22 वर्ष) है। मौके से मिले आधार कार्ड से इनकी पहचान हुई। दोनों एक दिन पहले शाम को दवा के बहाने गांव से निकले थे। एएसपी चिरंजीवी सिंह ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि एक-दूसरे से जुदा होने के डर से दोनों ने आत्महत्या की है।

नवयुवकों को रोजगार की तरफ ले जाने का कार्य कर रहा हूं:शशांक

देवरिया। भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वालंबन के सूत्र को आत्मसात करते हुये वह पिछले कुछ सालों से नवयुवकों को उद्यमिता से रोजगार के तरफ ले जाने का कार्य कर रहे हैं।

शशांक मणि ' यूनीवार्ता' से बातचीत में कहा " मै खुश हूं कि भाजपा ने मुझ पर विश्वास जताया है और यहाँ पर सांसद प्रत्याशी के तौर पर भेजा है। मेरा परिवार देश सेवा और समाज सेवा के लिये लगा रहा है। मैं दिल्ली आईआईटी का छात्र रहा हूं और कुछ सालों तक देश की एक बड़ी कम्पनी में सेवा दिया है और जागृति का संस्थापक रहा हूं।"

चार गुना महंगे टिकट बेचे गए, इकाना में महेंद्र सिंह धोनी को देखने का क्रेज

एलएसजी बनाम सीएसके मैच से पहले धोनी के फैंस निराश

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) और चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के खिलाफ 19 अप्रैल को मैच है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में मैच खेला जाएगा। इसके लिए चार गुना तक टिकट के दाम बढ़ाए गए। मैच से तीन दिन पहले ही टिकट मिलना बंद हो गया है। बुक माइ शो पर LSG और CSK के बीच होने वाले मैच में 1600 रुपए से ऊपर के टिकट दिखाए जा रहे हैं, जिसमें सभी टिकट सोल्ड आउट दिखा रहा है। ऐसे में दर्शक बाक्स ऑफिस से निराश होकर लौट रहे हैं। CSK की तरफ से खेल रहे महेंद्र सिंह धोनी को देखने के लिए लोगों में बहुत क्रेज है। भले ही 19 अप्रैल को LSG अपने होम ग्राउंड पर इस सत्र का चौथा मैच खेलेगी, लेकिन यहां पर CSK के समर्थकों की संख्या अधिक रहने की उम्मीद है। लोग पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को देखने के लिए मैदान में पहुंचेंगे।

यह तस्वीर हजरतगंज बॉक्स आफिस की है। यहां पर चेन्नई के मैच के लिए टिकट नहीं मिल रहे हैं।

399 से 1600 रुपए तक पहुंचा सबसे कम दाम का टिकट

LSG की तरफ से पहले 9 अप्रैल को सोशल मीडिया पर टिकट लाइव होने की जानकारी दी गई। इसमें 13 रेंज के टिकट के बारे में बताया गया। 399 रुपए का टिकट सबसे कम दाम का रहा। सबसे अधिक दाम का टिकट 20 हजार रुपए तक रहा। टिकट लाइव होने के बाद में इसकी मांग बढ़ी। इसके बाद टिकट के दाम को बढा दिया गया। 20 हजार रुपए का टिकट 28 हजार तक कर दिया गया, जबकि बुक माइ शो पर 1600 रुपए से टिकट के शुरुआत होने की जानकारी दी गई। उसमें भी सभी टिकट सोल्ड आउट होने की पट्टी लगाई गई।

धोनी के प्रति फैंस की दिवानगी को देखते हुए ही आयोजकों ने टिकट के दाम बढ़ा दिए। साथ ही टिकट को ऑनलाइन मोड से ही सेल किया गया। बॉक्स आफिस पर पहुंचने वाले दर्शकों को बताया जा रहा है कि सीएसके के खिलाफ होने वाले मैच का टिकट ऑनलाइन ही आया था।

पिछले साल धोनी को खेलते नहीं देख पाए थे फैंस

IPL के पिछले सत्र में 45वां मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के बीच इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया था। चेन्नई ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। लखनऊ ने 19.2 ओवर में 7 विकेट पर 125 रन बनाए थे, तभी बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा।

CSK की तरफ से खेल रहे महेंद्र सिंह धोनी को देखने के लिए लोगों में बहुत क्रेज है।

बॉक्स ऑफिस से निराश होकर लौट रहे फैंस

हजरतगंज के बॉक्स आफिस पर टिकट लेने पहुंचे अजय सिंह ने बताया कि टिकट लेने आए थे, लेकिन CSK का टिकट नहीं मिला। इसके कारण मायूस होकर वापस लौट रहे हैं। अगर टिकट नहीं मिला तो मुंबई का मैच देखेंगे। उन्होने कहा कि टिकट कई बार में लाइव होता है। ऐसे में जब बुक करने के लिए जाते हैं। तब तक टिकट सोल्ड हो जाता है। आलमबाग के रहने वाले भी मैच का टिकट लेने आए थे। उन्होंने कहा कि टिकट नहीं मिला है। धोनी को देखना चाहते हैं। अभी देखते हैं कोई जुगाड़ करते हैं। नहीं मिलेगा तो मुंबई का मैच देखेंगे।

इंतजाम : निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव हेतु व्यापक इंतजाम एवं सुरक्षा व्यवस्था कराई गई सुनिश्चित

08 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल को मतदान

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, श्री नवदीप रिणवा ने गुरुवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, कार्यालय के सभागार कक्ष में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान की तैयारियों के सम्बन्ध में प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 08 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 1-सहारनपुर, 2-कैराना, 3-मुजफ्फरनगर, 4-बिजनौर, 5-नगीना(अ0जा0), 6-मुरादाबाद, 7-रामपुर तथा 26-पीलीभीत में 19 अप्रैल, 2024 को मतदान होगा। मतदान प्रातः 7.00 बजे से शुरू होकर सायं 6.00 बजे तक चलेगा। उक्त निर्वाचन क्षेत्र 09 जनपदों, यथा-सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत तथा बरेली जनपद में अवस्थित हैं। 08 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों के रिटर्निंग आफिसर क्रमशः जिलाधिकारी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मुख्य विकास अधिकारी, बिजनौर, जिलाधिकारी, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर तथा पीलीभीत अधिसूचित हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव हेतु व्यापक इंतजाम एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के हेतु प्रथम चरण के 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से कुल 80 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 1,44,01,543 है, जिसमें पुरुष 76,54,658, महिला 67,46,136 तथा थर्ड जेन्डर 749 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 14,845 मतदेय स्थल है।

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 01-सहारनपुर से 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 18,55,310 है, जिसमें पुरुष 9,80,096, महिला 8,75,131 तथा थर्ड जेन्डर 83 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1926 मतदेय स्थल है।

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 02-कैराना से 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 17,22,432 है, जिसमें पुरुष 9,21,832, महिला 8,00,504 तथा थर्ड जेन्डर 96 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1750 मतदेय स्थल है।

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 03-मुजफ्फरनगर से 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 18,17,472 है, जिसमें पुरुष 9,68,869, महिला 8,48,460 तथा थर्ड जेन्डर 143 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1698 मतदेय स्थल है।

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 04-बिजनौर से 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 17,38,307 है, जिसमें पुरुष 9,23,530, महिला 8,14,693 तथा थर्ड जेन्डर 84 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1837 मतदेय स्थल है।

- **कुल मतदाताओं की संख्या 1,44,01,543 है, जिसमें पुरुष 76,54,658, महिला 67,46,136 तथा थर्ड जेन्डर 749 हैं**
- **प्रथम चरण के चुनाव में कुल 14,845 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) तथा 7,693 मतदान केन्द्र हैं**

अनियंत्रित होकर पलट गई स्विफ्ट कार, हादसे में तीन की मौत एक घायल

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। शहर कोतवाली अंतर्गत बाराबंकी लखनऊ मुख्य हाइवे पर एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार अचानक से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाईं में पलटती हुई नीम के पेड़ से टकराती गई। हादसे में वाहन सवार तीन लोगों की मौत हो गई वहीं एक अन्य व्यक्ति को हल्की-फुल्की छोटे आई है। हादसे के बाद पहुंची पुलिस ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किए। बता दें कि नगर कोतवाली के शुक्लाई के पास लखनऊ-अयोध्या हाइवे पर गुरुवार को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई और आगे जाकर एक पेड़ से टकरा गई।

अचानक हुए इस हादसे से कार में सवार लोगों को सम्भलने का जरा भी मौका नही मिला। कार में चार लोग सवार थे,जिसमे से तीन की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे शवों को बाहर निकाला और घायल को अस्पताल पहुंचाया।

घायल के मुताबिक बलरामपुर जिले के सादुल्लानगर थाना क्षेत्र के डिहवा गांव के रहने वाले जुनैद अहमद पुत्र मतीउल्लाह और अब्दुल मोईन पुत्र हसीबुल्ला नौकरी के सिलसिले में सऊदी अरब जा रहे थे। इसी गांव के ही अब्दुल खालिक पुत्र जमील और जमशेद पुत्र असगर स्विफ्ट कार से उन्हें लेकर लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट जा रहे थे। कार को अब्दुल खालिक चला रहा था। बाराबंकी के शुक्लाई के करीब

हादसे के बाद परिजनों में मचा कोहराम

पहुंचते ही कर अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे चली गई और नीम के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार चला रहे अब्दुल खालिक,जुनैद और मोइन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जमशेद घायल हो गया।

सीओ सिटी जगत कनौजिया ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनके पहुंचते ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

भाजपा सांसद की पुलिस से बहसबाजी

अकबरपुर सीट से देवेंद्र सिंह भोले ने नामांकन किया, चौथे चरण के लिए 13 सीटों पर नॉमिनेशन शुरू

प्रक्रिया

■ सपा का गढ़ कही जाने वाली इस सीट पर अभी तक प्रत्याशी का फैसला नहीं हुआ है। हालांकि इस सीट पर अखिलेश यादव के चुनाव लड़ने की अटकलें हैं।

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। लोकसभा चुनाव की यूपी में 13 सीटों के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। अकबरपुर (कानपुर देहात) से तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने नामांकन किया। नामांकन करने कानपुर नगर कलेक्ट्रेट पहुंचे भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले की पुलिस से तीखी झड़प हो गई। कलेक्ट्रेट में नामांकन के लिए प्रत्याशी के साथ सिर्फ 4 लोग ही जा सकते हैं, जबकि भोले सिंह वकील को भी ले जाने के लिए जिद करने लगे। काफी देर हुई बहस के बाद भोले सिंह 6 लोगों को अंदर ले गए। निर्वाचन से शिकायत के बाद कैबिनेट मंत्री राकेश सचान को अंदर से बाहर किया गया। नामांकन के दौरान उनके साथ पूर्व मेयर जगतवीर सिंह द्रोण, पूर्व विधायक आरपी कुशवाहा, 2 वकील समेत 5 लोग नामांकन के वक्त रहे। इस दौरान भोले की एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह से बहस हो गई। नामांकन से पहले देवेंद्र सिंह भोले ने परमट मंदिर में भगवान भोले का आशीर्वाद लिया। 2019 के चुनाव में भाजपा ने चौथे चरण की सभी 13 सीटों पर जीत का पताका फहराया था।

■ अकबरपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने कानपुर नगर कलेक्ट्रेट में नामांकन किया। वह दो बार से सांसद हैं।

सुबह 11 बजे से लागू हुई अधिसूचना

चौथे चरण के लिए आज सुबह 11 बजे से अधिसूचना लागू हो गई है। 25 अप्रैल नामांकन की आखिरी तारीख होगी। 29 अप्रैल तक नाम वापसी का मौका रहेगा। चौथे चरण में 13 मई को वोटिंग है। बता दें कि नामांकन शुरू होने के साथ ही चौथे चरण में चुनावी सरगर्मी तेज हो जाएगी। इसमें सबसे कड़ा मुकाबला कन्नौज, अकबरपुर, इटावा और उन्नाव में देखने को मिलेगा।

7 जिलों से जुड़ने वाली इस लोकसभा सीट पर कांग्रेस का दबदबा रहा है। यहां से अब तक नौ बार कांग्रेस के सांसद चुने जा चुके हैं। भाजपा तीन बार, जबकि दो बार सपा के खाते में सीट आई है।

■ अकबरपुर से दो बार के सांसद और तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने नामांकन से पहले साधु-संतों का आशीर्वाद लिया।

शाहजहांपुर : कांग्रेस का दबदबा रहा

2019 के चुनाव में इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी अरुण कुमार सागर ने करीब ढाई लाख वोटों से बसपा प्रत्याशी अमर चंद्र जौहर को हराया था।

यहां से तीन बड़े नेता उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री पद की जिम्मेदारी संभाले हुए हैं। सुरेश कुमार खन्ना वित्त और संसदीय कार्य मंत्री, जितिन प्रसाद पीडब्ल्यूडी मंत्री और जेपीएस राठौर के पास सहकारिता की जिम्मेदारी है। भाजपा ने इस सीट पर दोबारा अरुण सागर को ही प्रत्याशी बनाया है।

सराफा ने ₹2 लाख हड़पा, केस दर्ज

तहरीर

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। सराफा व्यापारी ने व्यवसाय के नाम पर एक व्यक्ति से दो लाख रुपये हड़प लिये। पीड़ित ने उसके खिलाफ एम्स थाने में तहरीर दी। पुलिस ने गबन का केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

देवरिया जिले के बघौचघाट के मूल निवासी धनंजय राव वर्ष 2008 से कूड़ाघाट में किराये के मकान लेकर रहते हैं। धनंजय ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उसी दौरान उनकी मुलाकात सोनार की दुकान करने वाले धनंजय वर्मा निवासी शिवपुर झारखण्डी से हुई। काफी दिनों से आपस में लेन-देन चलता रहा। एक दिन धनंजय वर्मा ने दो लाख रुपये व्यापार के लिए मांगा। विश्वास करके इनको दो लाख रुपये दे दिया और बदले में उनसे एक स्टाम्प पेपर पर दो लाख का चेक उनके नाम का ले लिया। घटना वर्ष 2019 की है। उन्होंने एक से दो महीने में पैसा वापस करने के लिए कहा था पर अभी तक पैसा नहीं लौटाए। पुलिस ने गबन का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

■ काफी दिनों से आपस में लेन-देन चलता रहा

फास्ट न्यूज

मुरादाबाद, रामपुर, बरेली समेत यूपी के सात जिलों में आज सार्वजनिक छुट्टी

लखनऊ। यूपी के सात जिलों में कल यानी 19 अप्रैल को डीएम ने सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा की है। डीएम ने छुट्टी का आदेश भी जारी कर दिया है। डीएम के आदेश के मुताबिक 19 अप्रैल को स्कूल, दुकान और प्रतिष्ठा समेत फैक्ट्रियां भी बंद रहेंगी। इसके अलावा सरकारी दफ्तरों में भी अवकाश की घोषणा की गई है। दरअसल 19 अप्रैल शुक्रवार को यूपी की आठ लोकसभा सीटें सहारनपुर, बिजनौर, कैराना, मुजफ्फरनगर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा सीट शामिल हैं।

नामांकन पत्र वितरण के पहले ही दिन 15 नामांकन पत्रों का हुआ वितरण

सीतापुर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत नामांकन प्रथम दिन में जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने नामांकन स्थल पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिये। इसके पश्चात जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह द्वारा नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी। नामांकन पत्र वितरण से लेकर नामांकन आदि की तैयारियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला प्रशासन नामांकन कक्ष में उपस्थित रहकर नामांकन पत्र वितरण एवं नामांकन की प्रक्रिया को पूरा किया गया। 15 नामांकन पत्रों का वितरण एवं 01 नामांकन राजेश कुमार वर्मा, (भाजपा) ने किया।

आज से बदलेगा उत्तर भारत का मौसम

नई दिल्ली। उत्तर भारत में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच एक राहतभरी जानकारी सामने आई है। मौसम विभाग ने बताया है कि उत्तर पश्चिम भारत के राज्यों में 18-20 अप्रैल के बीच बारिश, आंधी तूफान और ओलावृष्टि का नया दौर आने वाला है। यूपी समेत कई राज्यों में बारिश की संभावना जताई गई है। इसके अलावा, पूर्वोत्तर भारत में 18-22 अप्रैल के बीच भारी बरसात होने वाली है। वहीं, पूर्वी भारत में 22 अप्रैल तक कई इलाकों में हीटवेव की स्थिति भी रहेगी।

फर्जी कागजात पर ले लिया 37 लाख का ऋण

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। घर के लिए ऋण देने वाली फाइनेंस कंपनी की ओर से फर्जी दस्तावेज के आधार पर लोन कराकर रुपये हड़पने का मुकदमा सिगरा थाने में दर्ज कराया गया है। इसमें कंपनी के तीन प्रतिनिधि भी शामिल हैं। एसीपी चेतगंज से शिकायत के बाद गुरुवार को केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

महमूरगंज रोड पर आशाकुंज में हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लि. का कार्यालय है। वाराणसी में इसके अधिकारी विनीत द्विवेदी हैं। कंपनी का पावर ऑफ अटार्नी भी इनके पास है। विनीत की शिकायत पर सिगरा थाने में चंदौली के बसरतिया कोरी निवासी मंजू देवी, उसके पति प्रमोद कुमार, अश्विनी त्रिपाठी और कंपनी के क्षेत्रीय शाखा प्रमुख अभिषेक दुबे, तत्कालीन टेक्निकल मैनेजर जयंद्र नारायण पाठक, क्लस्टर क्रेडिट मैनेजर गौरव कुमार गुप्ता पर धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज, गबन के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

मुख्य आरोपी एक ही गांव के

दोनों केस में चंदौली के बसरतिया कोरी गांव के ही दो व्यक्तियों के नाम से लोन जारी किया गया था। अश्विनी त्रिपाठी और राजनारायण को लोन के रुपये जारी किये गये। दो महीने के अंतराल पर ही दोनों को रुपये जारी किये गये। दोनों ही मामलों में कंपनी के तीन प्रतिनिधियों की मिलीभगत सामने आई। इन तीनों प्रतिनिधियों के जरिये ही लोनिंग प्रक्रिया अपनाई गई थी।

आजमगढ़ में सपा प्रत्याशी ने साधा सरकार पर निशाना, भाजपा ने झूठे वादे किए हैं

युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वालों के घरों पर कब चलेगा बुलडोजर

रणनीति

तमसा संकेत, एजेंसी

आजमगढ़। आजमगढ़ लोकसभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने प्रदेश की योगी सरकार पर जाम का निशाना साधा है। समाजवादी पार्टी के सरफुद्दीन पर स्थित केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद गठबंधन के नेताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति मजबूत करने की बात कही है। परीक्षाएं लगातार निरस्त की जा रही हैं जिस कारण नौजवान और किसान साथ-साथ समाज का सभी वर्ग परेशान है।

धर्मेंद्र यादव का कहना है कि कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को छोड़ दिया जाए तो सभी लोग बदलाव चाहते हैं जो बड़े उद्योगपति भाजपा को चंदा नहीं दे रहे हैं। उनके प्रतिष्ठानों पर छापे मरवाए जा रहे हैं, जिसके बाद उनसे चंदे लिए जा रहे हैं।

युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वाले के घरों पर कब चलेगा बुलडोजर

समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव का कहना है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में 60 लाख युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वाले आरोपियों के घरों पर कब बुलडोजर चलेगा जबकि लगातार मुख्यमंत्री बुलडोजर की बात करते हैं। प्रदेश में जब समाजवादी की सरकार थी तो अखिलेश यादव ने आठ लाख युवाओं को रोजगार दिया था। इसके साथ ही बेरोजगारों को बेरोजगारी का भत्ता भी दिया था। सपा प्रत्याशी का कहना है कि ईवीएम पर हमारा विश्वास नहीं है।

> धर्मेंद्र यादव का कहना है कि गठबंधन के नेता देश के गंभीर मुद्दों को लेकर लगातार बैठक कर रहे हैं और भी गढ़ 10 वर्षों से भाजपा की सरकार से काफी निराश हैं भाजपा ने झूठे वादे किए हैं जिससे जनता परेशान हुई है।

पहले चरण के चुनाव के बाद आएगी आंधी

सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव का कहना है कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान कल होना है। छठवें चरण आजमगढ़ तक आते-आते आंधी में तब्दील हो जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और गठबंधन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

मतदाता जागरूकता रैली को आलापुर तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

मतदाताओं को मतदान करने के लिए किया गया जागरूक

तमसा संकेत, संवाददाता

आलापुर अम्बेडकर नगर। श्री लल्लन जी ब्रह्मचारी पीजी कॉलेज राजेसुल्तानपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा वृहस्पतिवार को राजेसुल्तानपुर मे मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। मतदाता जागरूकता रैली को आलापुर तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने बैनर पोस्टर एवं तख्ती पर लिखा विभिन्न तारों को हाथ में लेकर नारा लगाते हुए मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि मतदान करना हम सबका अधिकार है, इसलिए सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें। किसी के बहकावे में न आए और लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक करें।

तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन के दौरान कहा कि युवा हमारे देश के भविष्य है, अपने देश की लोकतंत्र के प्रति पूर्ण आस्था रखते हुए, बिना किसी प्रलोभन के मतदान करें और अपने आस-पास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें।

श्री लल्लन जी ब्रह्मचारी पीजी कॉलेज राजेसुल्तानपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई राजेसुल्तानपुर में मतदाता जागरूकता रैली

सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे

इस दौरान श्री लल्लन जी ब्रह्मचारी पीजी कॉलेज के प्रबंधक इंजीनियर सुरेंद्रनाथ सिंह प्राचार्य डॉ अखिलेश सिंह वाल्मीकि सिंह डॉक्टर अरुण कुमार श्रीवास्तव डॉक्टर सिंह शिवाजी विद्यासागर श्रीवास्तव आनंद विश्वकर्मा बृजनंदन मौर्य नीरज कुमार वर्मा प्रहलाद यादव गायत्री पूनम पांडे रोहित पाठक व पीजी कॉलेज के सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

सैफई के गांव में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

तमसा संकेत, संवाददाता

इटावा। यूपी में इटावा जिले के सैफई स्थित रमैयापुरा गांव में अचानक आग लग गई। पिछले कुछ दिनों से चल रहीं तेज हवाओं से आग फैलती चली गई।

जिससे समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के चाचा की करीब 20 बीघा गेंहू की फसल जलकर खाक हो गई है। गेंहू के खेत में आग लगने के पीछे बिजली शार्ट सर्किट मुख्य कारण बताया गया है। दमकल अधिकारी तबारक हुसैन ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब एक बजे सैफई महिला थाने के सामने ग्राम रमईयापुर के पास निकली हाई टेंशन लाइट की चिंगारी पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चाचा अभय राम सिंह यादव की 20 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

आग लगने के बाद सूचना देने पर भी फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर घंटों देर से पहुंची, जिससे नुकसान अधिक हुआ। इसको लेकर अन्य किसान फायर ब्रिगेड के कर्मियों को कोसते नजर आए। इससे पहले सैफई थाने के कांस्टेबल, योगेश्वर सिंह, अपनी टीम के साथ कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पा लिया जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

■ अखिलेश यादव के चाचा की 20 बीघा फसल जलकर राख

कार्यक्रम : 51 पीस स्टील के डिनर सेट और नकद राशि दी गई, भजन संध्या में राम गुणगान भी किया

जरूरतमंद गरीब कन्याओं की शादी में दिया सामान

■ भजन संध्या का संचालन सी ए राजेन विद्यार्थी और सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने किया।

तमसा संकेत, संवाददाता

बरेली। स्वतंत्रता सेनानी शान्ति शरण विद्यार्थी स्मारक ट्रस्ट और मानव सेवा क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 2 अति जरूरतमंद कन्याओं की शादी का सामान दिया गया जिसमें स्वाले नगर की एक कन्या और दूसरी चंदन नगर सी. बी. गंज को बड़ा बक्सा, रज़ाई गद्दा, फाइबर का मेज कुर्सी का सेट, साड़ियां, 51 पीस स्टील के डिनर सेट और नकद राशि दी गई। रामनवमी पर मेकनियर रोड स्थित सी. ए. राजेन विद्यार्थी के आवास पर हुए कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यावरण वन मंत्री डा. अरुण कुमार, मानव सेवा क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, सत्येन्द्र सक्सेना, शालिनी विद्यार्थी आदि ने समान प्रदान किया। इस अवसर पर हुई राम भजन की संध्या में प्रकाश चन्द्र सक्सेना ने राम जी की निकली सवारी, अरूणा सिन्हा ने मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएँगे, ऋचा टंडन तथा शालिनी विद्यार्थी ने राम नाम के हीरे मोती में तो गाऊँ गली गली, सीए राजेन विद्यार्थी ने जिसके हृदय में राम नाम बंद है, कार्यक्रम में ए. पी. गुप्ता, अभय भटनागर, निर्भय सक्सेना, इं.धर्म देव शर्मा,सीए अखिल रस्तोगी, सी ए रीतेश अग्रवाल, सी एस अंकित अग्रवाल, निधि अग्रवाल, मितुल विद्यार्थी, इशिता विद्यार्थी, मयंक अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल सहित अनेक लोग शामिल रहे।

राम भजन प्रस्तुत करके वातावरण राममय कर दिया

ए एल गुप्ता ने प्रभु आप की कृपा से सब काम हो रहा है, अंजलि शर्मा ने ठुमक चलत राम चंद्र, विशाल मेहरोत्रा ने श्री राम चंद्र कृपालु भज मन, डॉ रीता शर्मा ने मेरे मन में राम, रीता सक्सेना, सतेंद्र सक्सेना ने सजा दो घर को गुलशन सा , मुकेश सक्सेना, रश्मि सक्सेना, मंजू लता, इन्द्र देव त्रिवेदी, कमल सक्सेना आदि ने राम भजन प्रस्तुत करके वातावरण राममय कर दिया।

श्रावस्ती में राप्ती में डूबकर चचेरे भाई-बहन की मौत

श्रावस्ती। श्रावस्ती जिले में खेत गए माता पिता के पास जा रहे चचेरे भाई बहन पैदल ही राप्ती नदी पार कर रहे। जहां दोनों गहरे पानी में जाकर डूब गए और उनकी मौत हो गई। दोनों का शव बाहर निकाल कर अंतिम संस्कार कर दिया गया। मल्हीपुर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत संगमपुरवा के मजरा बद्रीपुरवा निवासी श्रवण कुमार (4) पुत्र नरेश कुमार व अंजनी देवी (3) पुत्री विनोद कुमार की गुरुवार को राप्ती नदी में डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि नरेश और विनोद का खेत नदी के दूसरी तरफ है। दोनों अपनी पत्नियों के साथ नदी के उस पार गेहूं की फसल काटने गए हुए थे। दोपहर तक सभी वापस घर नहीं आए तो श्रावण व अंजनी दोनों माता-पिता के पास जाने के लिए घर में बिना किसी को बताए घर से निकल पड़े। दोनों बच्चे राप्ती नदी पर पहुंचे और दूसरी ओर जाने के लिए पानी में उतर कर नदी पार करने लगे।

जनपद में 45 दिन में फुंक गए 179 ट्रांसफार्मर

उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी, गर्मी बढ़ने के साथ बढ़े लोड से जल रहे ट्रांसफार्मर

तमसा संकेत, एजेंसी

अम्बेडकरनगर। अम्बेडकरनगर में गर्मी बढ़ने के साथ ही ओवरलोड बढ़ने के कारण पिछले 45 दिन में अलग-अलग क्षमता के करीब 179 ट्रांसफार्मर जल गए। ट्रांसफार्मर जलने के कारण जहां बिजली विभाग को आर्थिक चपत लग रही है। वहीं उपभोक्ताओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग बढ़ने के उपभोक्ताओं की भी समस्या बढ़ने लगी हैं। जर्जर व ओवरलोडेड ट्रांसफार्मर बढ़ते तापमान के बीच जलने शुरू हो गए हैं। बिजली विभाग कार्यालय के अनुसार पिछले 45 दिन में अलग-अलग क्षमता के 179 फुंक गए। जिसमें मार्च माह में 110 जबकि अप्रैल माह में 69 ट्रांसफार्मर फुंक गए। मार्च माह में 10 केवीए के 30, 16 केवीए के 13, 25 केवीए के 48, 63 केवीए के 11, 100 केवीए के दो, 250 केवीए के चार, 400 केवीए के दो और 630 केवीए का एक ट्रांसफार्मर फुंक गया। इसी तरह अप्रैल माह में 10 केवीए के 15, 16 केवीए के चार, 25 केवीए के 34, 63 केवीए के 14, 100 केवीए के एक, 250 केवीए का एक ट्रांसफार्मर जल गया।

समय रहते क्षमता वृद्धि करते तो नहीं होती समस्या

उपभोक्ताओं का कहना है कि गर्मी में बिजली की खपत ज्यादा होती है। ट्रांसफार्मर पर लोड ज्यादा होता है। इसलिए फुंक जाते हैं। समय रहते अगर बिजली विभाग ट्रांसफार्मरों की क्षमता में वृद्धि करती तो यह समस्या न आती। इस बाबत अधिशाषी अभियंता अनूप कुमार सिंह ने बताया कि ट्रांसफार्मरों की क्षमता में वृद्धि की जा रही है।

सम्पादकीय

इलेक्टोरल बॉन्ड्स बना मुख्य चुनावी मुद्दा



ऐसे वक्त में जब लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये मतदान प्रारम्भ होने में कुछ ही घंटे रह गये हैं और इस चरण के अंतर्गत जिन सीटों पर चुनाव होने जा रहे हैं, वहां प्रचार भी थम गया है, इलेक्टोरल बॉन्ड्स प्रमुख चुनावी मुद्दा बनकर उभरता नज़र आ रहा है। यह भारतीय जनता पार्टी के लिये निश्चित ही चिंता की बात होगी क्योंकि इस पर विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस द्वारा जैसा हमला उस पर हो रहा है वह इसलिये अधिक चिंतनीय है क्योंकि ये आक्रमण सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हो रहे हैं। उन्हें इस भ्रष्टाचार का सूत्रधार बतलाया जा रहा है। चूंकि भाजपा का सारा प्रचार नरेंद्र मोदी पर ही टिका है, अगर यह मुद्दा मतदाताओं के जेहन में बैठ गया तो भाजपा का अपने दम पर 370 तथा सहयोगी दलों के साथ मिलकर बने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन के 400 पार के नारे की धज्जियां उड़ जायेंगी। शायद यही कारण है कि मोदी बार-बार इस योजना (इलेक्टोरल बॉन्ड्स) को सही साबित करने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं विपक्ष जान गया है कि उसके हाथ एक ऐसा अस्त्र लग गया है जिसके बल पर भाजपा को इस चुनाव में धूल चटाई जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि इस साल फरवरी महीने में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना को असंवैधानिक घोषित करने के साथ ही भाजपा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बैकफुट पर आती दिख रही है। पिछले 10 वर्षों से कांग्रेस को परिवारवाद के अलावा मोदी व भाजपा जिस मामले को लेकर सर्वाधिक कोसती थी, वह गांधी कुटुम्ब तथा उसका कथित भ्रष्टाचार ही रहा है। बाजी उस वक्त पलट गई जब देश के सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र की भाजपा सरकार की इस योजना को ही भ्रष्टाचार का तरीका ठहरा कर उसे बेनकाब कर दिया। यही कारण है कि देश के कई अखबारों व चैनलों को नरेंद्र मोदी इन दिनों साक्षात्कार दे रहे हैं जिसका प्रमुख मुद्दा इलेक्टोरल बॉन्ड्स ही है। ऐसा नहीं कि वे केवल इसी पर बात कर रहे हों पर उनके हाल के दिये ज्यादातर इंटरव्यू में जिस प्रमुखता से वे इस पर बातें कर रहे हैं उससे साफ है कि उन्हें इस मामले को लेकर कुछ ज्यादा ही सफाई देनी पड़ रही है। जैसा कि कहा जाता है कि उनके ज्यादातर साक्षात्कार उन्हीं की प्रचार टीम द्वारा तैयार होते हैं, स्वाभाविकतः उनमें यह मुद्दा बहुत ही खास स्थान पा रहा है। ज्यादातर लोग यह मानते हैं कि साक्षात्कारों की प्रश्नावली मोदी के कार्यालय या उनकी नज़रों से गुजरती ही है। जिनमें उनकी सहमति हो वे ही सवाल इसमें रखे जाते हैं। अब तमाम साक्षात्कारों में इलेक्टोरल बॉन्ड्स के बारे में श्री मोदी जो कह रहे हैं उनमें यह बात ज़रूर होती है कि 'जो लोग आज इसे लेकर उत्साहित हैं वे आगे जकर पछताएंगे।' वे यह भी कह रहे हैं कि 'पहली बार चुनावी चंदे का ट्रेल पता चल रहा है वरना पूर्ववर्ती सरकारों के समय तो पता भी नहीं चलता था कि किसी भी पार्टी को कहां से चंदा मिल रहा है।' हालांकि वे यह नहीं बता रहे हैं; और कोई पूरक प्रश्न पूछ भी नहीं रहाहै कि अगर वे पारदर्शिता के इतने ही हिमायती हैं तो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुप्रीम कोर्ट को इस योजना के बाबत सारी जानकारी देने से क्यों आनाकानी कर रहा था।

खासकर, सरकार के इशारे पर किसलिये कारोबारियों के संगठन अदालत के सामने इस गुहार के साथ पहुंचे थे कि चंदा देने वालों के नाम उजागर न किये जायें। प्रधानमंत्री मोदी तो चुनावी बॉन्ड्स के बारे में जो कह रहे हैं, वह अपनी जगह पर है परन्तु खबरों के मुताबिक वित्त मंत्रालय अब इस योजना को संशोधित स्वरूप में लाने की योजना बना रहा है- बावजूद इसके कि देश आम चुनाव की दहलीज पर खड़ा है और मोदी सरकार केवल कार्यवाहक है। जिस सरकार व प्रधानमंत्री को शीर्ष कोर्ट द्वारा असंवैधानिक घोषित कर दी गई योजना पर शर्मिंदा होना चाहिये था, वे न केवल इसका शिद्दत से बचाव कर रहे हैं बल्कि इसका दूसरा संस्करण लाने की भी तैयारी कर रहे हैं, वह भी चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद। इलेक्टोरल बॉन्ड्स को लेकर मोदी की हठधर्मिता इस कदर है कि वे कोर्ट की अवमानना की परवाह किये बिना ही इसके पक्ष में बोल रहे हैं, मीडिया में अपना पक्ष रख रहे हैं और उसे फिर से पेश करने की तैयारी भी कर रहे हैं।

दूसरी तरफ विपक्ष ने भी जान लिया है कि यह मोदी की कमजोर नब्ज़ है जो उसके हाथ लग गई है। सो वह पूरी ताकत से उसे दबा रही है। दरअसल इसके कई आयाम एक साथ उजागर हो गये। इसमें बताया गया कि भाजपा के लिये चंदा बटोरने के लिये केन्द्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग केंद्र सरकार द्वारा किया गया।

2047 तक भरमाइये नहीं तत्काल बताइये

> दरअसल 2024 के ये लोकसभा चुनाव अब तक हुए लोकसभा चुनाव से बिल्कुल भिन्न है और अगर चुनाव परिणाम भी सत्ता पक्ष और विपक्ष को आईना दिखाने के लायक आते हैं तो कोई खास बात नहीं है।

जब आप यह लेख पढ़ रहे होंगे तो उसी दिन यानि 19 अप्रैल को देश के कई हिस्सों में चुनाव हो रहे होंगे। चुनाव परिणामों को लेकर एनडीए और इंडिया कोई भी यह बात डंके की चोट पर नहीं कह सकता कि उसे पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का मौका मिलने जा रहा है। वैसे यह अलग बात है कि एनडीए गठबंधन 400 पार की बात कहकर मतदाताओं के ऊपर एक तरह का मनोवैज्ञानिक दबाव बना रहा है । दूसरी तरफ कांग्रेस और इंडिया की तरफ से राहुल गांधी कह रहे हैं कि एनडीए 180 तक पहुंच जाए तो बड़ी बात है। वैसे यह कहते हुए वे यह नहीं बताते हैं कि इंडिया में कितना आ सकती है। वैसे चुनाव प्रचार के दौरान बढ़-चढ़कर बोलने या आंकड़ों का हवाला देकर अपनी पीठ थपथपाना अलग बात है लेकिन हकीकत को समझना और स्वीकार करना अलग बात है। अभी पिछले दिनों सीएसडीएस के लोक नीति कार्यक्रम के तहत हुए सर्वेक्षण के जो आंकडे आए हैं वह इस बात की पुष्टि बिल्कुल नहीं करते कि एनडीए 400 से अधिक सीटे ला रही है। आंकड़ों पर अगर गौर करें तो पता चलता है कि जो वर्ग चुनाव में हवा बनाता है यानि आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यम वर्ग, यही वर्ग है जो सरकार के कामकाज से असंतुष्ट है और बेरोजगारी तथा महंगाई की चुनौती से जूझ रहा है। जबकि उच्च आर्थिक वर्ग के 62 प्रतिशत लोग सरकार के काम को लेकर सकारात्मक रूख रखते हैं। यह वही वर्ग है जो अधिक धूप और गर्मी का बहाना बनाकर वोट देने के लिए पोलिंग स्टेशन पर जाने के बजाय घर में पिक्चर देखता है। सर्वेक्षण बताता है कि 44 प्रतिशत लोग मोदी सरकार को तीसरा मौका देने के पक्ष में है जबकि 39 प्रतिशत ऐसे लोग हैं जो चाहते हैं कि किसी दूसरे को मौका दिया जाए । सबसे दिलचस्प बात सर्वेक्षण कि यह है कि तीन में से दो लोग नहीं चाहते कि मोदी सरकार की पुनः वापसी हो। लोगों का मानना है की नई सरकार को मौका मिलेगा तो आर्थिक नीतियों को नई धार मिलेगी इतना ही नहीं हिंदुत्व और राम मंदिर के जरिए सत्तारूढ दल भाजपा को कितना फायदा मिल सकता है इसका भी उत्तर मात्र 10 प्रतिशत तक ही सीमित है। ये 10 प्रतिशत लोग मानते हैं कि कुछ फायदा मिलना चाहिए जबकि 90 प्रतिशत का कहना है कि इससे अब ध्रुवीकरण नहीं होने वाला। सर्वेक्षण के दौरान यह भी पता चला कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग शहरी क्षेत्र के लोगों की अपेक्षा मोदी सरकार से ज्यादा संतुष्ट हैं। ग्रामीण क्षेत्र में 60 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्र में 50 प्रतिशत मतदाताओं मोदी सरकार से संतुष्ट नजर आ रहा है। सर्वेक्षण के दौरान पता चला कि विकास के मुद्दे पर 40 प्रतिशत मतदाता भाजपा के साथ है जबकि महंगाई, बेरोजगारी, सरकारी नौकरी तथा आर्थिक पहलुओं पर मतदाता विपक्ष के साथ खड़ा होता दिख रहा है। तभी तो सर्वेक्षण में शामिल लोग यह कहने से नहीं चूकते की यह मुद्दे भाजपा के लिए गंभीर हो सकते हैं। इसके साथ ही देश में 55 प्रतिशत शिक्षित बेरोजगारो का आंकड़ा भी सत्तारूढ दल भाजपा को डरा रहा है। क्योंकि यह संख्या उन बेरोजगारों की है जिनकी आयु 19 से 35 वर्ष के बीच है। वैसे अगर सर्वेक्षण को छोड़ दिया जाए और आम लोगों से सीधी सीधी और सपाट बात की जाए तो मोदी सरकार की लोकप्रियता में 2019 की अपेक्षा लगभग 8 प्रतिशत की कमी आई है। लेकिन यह कमी अभी देखने और सुनने में उतनी मुखर नहीं है जितनी होना चाहिए। ऐसा क्यों है? के जवाब में 62 प्रतिशत लोग कहते हैं कि गुस्सा और आक्रोश का प्रकटीकरण बातो और विचारों में नहीं बल्कि वोट में दिखाना आवश्यक है। सरकार माने या ना माने लेकिन हकीकत यह है कि सरकार की कार्य प्रणाली से लोगों के अंदर भय का संचार हुआ है। लेकिन बातों में वे उसे प्रकट नहीं कर रहे हैं और कह रहे हैं कि मोदी है तुम मुमकिन है।

इन पंक्तियों के लेखक ने करीब 5 दिनों तक हरिद्वार, देहरादून, मंसूरी , गाजियाबाद तथा मुजफ्फरनगर आदि क्षेत्रों में भ्रमण करने के बाद पाया कि लोग 2027 के विकसित भारत वाले सपने को गंभीरता से लेने के बजाय तत्काल यानि 2024 और 2025 की बात कर रहे हैं। उनका कहना है कि 2027 को लेकर भरमाने के बजाय 2024 पर तत्काल आइए और बताइए की मोदी की गारंटी और कांग्रेस के न्याय पत्र से देशवासियों को क्या मिलने जा रहा है? जानते चले कि भाजपा ने 2014 में संकल्प पत्र के जरिए अपनी बात रखी थी जबकि 2019 में फिर उसने घोषणा पत्र के जरिए अपनी उपलब्धियां पर चर्चा की। लेकिन 2024 में भाजपा ने जो अपना संकल्प पत्र जारी किया है उसे मोदी की गारंटी नाम दिया गया है और बताया गया है कि देश में जो भी कुछ काम हुए हैं वह सब मोदी ने किए हैं। यानि मोदी है तो मुमकिन है। इसके विपरीत प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया उसका नाम न्याय पत्र यानि न्याय की गारंटी रखा है । कांग्रेस के इस घोषणा पत्र ने एक तरह से भाजपा की नींद उड़ा कर रख दिया है। क्योंकि यह न्याय पत्र घर-घर और गांव-गांव भेजे जा रहे हैं। आज यानि 19 अप्रैल को देश की जिन 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव हो रहे हैं वहां करीब 10 लाख से अधिक लोगों तक न्याय की गारंटी वाले पत्रक पहुंच चुके हैं। इस न्याय पत्र से भाजपा अचानक से असहज हो उठी है। यही कारण रहा है कि भाजपा को चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाना पड़ा है और कहना पड़ा है कि इस न्याय पत्र में कांग्रेस ने जो वायदे किए हैं वह एक तरह से मतदाताओं को प्रलोभन देने जैसा है। भाजपा का कहना है कि इससे मतदाता भ्रमित हो सकता है इसलिए इस पर तत्काल रोक लगाई जाए ।

डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

सुरजेवाला को लेकर...

ललित गर्ग

नेताओं के बिगड़े बोल पर सख्ती से नियंत्रण जरूरी

लोकसभा चुनाव का प्रचार उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। जैसे-जैसे चुनाव की तिथियां नजदीक आती जा रही है, प्रचार-अभियान में नफरती सोच एवं हेट स्पीच का बाजार बहुत गर्म है। राजनीति की सोच ही दूषित एवं घृणित हो गयी है। नियंत्रण और अनुशासन के बिना राजनीतिक शुचिता एवं आदर्श राजनीतिक मूल्यों की कल्पना नहीं की जा सकती। नीतिगत नियंत्रण या अनुशासन लाने के लिए आवश्यक है सर्वोपरि राजनीतिक स्तर पर आदर्श स्थिति हो, तो नियंत्रण सभी स्तर पर स्वयं रहेगा और इसी से देश एक आदर्श लोकतंत्र को स्थापित करने में सक्षम हो सकेगा। अक्सर चुनावों के दौर में राजनीति में बिगड़े बोल एवं नफरत की राजनीति कोई नई बात नहीं है। चर्चा में बने रहने के लिए ही सही, राजनेताओं के विवादित बयान गाहे-बगाहे सामने आ ही जाते हैं, लेकिन ऐसे बयान एक ऐसा परिवेश निर्मित करते हैं जिससे राजनेताओं एवं राजनीति के लिये घृणा पनपती है। बिगड़े बोल का दोषी मानते हुए चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को 48 घंटे के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक दिया है। मथुरा से भाजपा प्रत्याशी एवं सिने अभिनेत्री हेमा मालिनी को लेकर की गई टिप्पणी को अपमानजनक मानते हुए आयोग ने सुरजेवाला के खिलाफ यह

सख्त कार्रवाई की एवं कड़ा कदम उठाया है। लेकिन क्या इस एक्शन को सचमुच सख्त कहा जाना चाहिए? क्या आपत्तिजनक बयानबाजी और खास तौर से महिला सम्मान को ठेस पहुंचाने वालों के लिए इतनी ही सजा काफी है? ये सवाल इसलिए भी कि चुनावों को हम लोकतंत्र का महोत्सव कहते आए हैं और ऐसे बयान चुनावी उत्सवप्रियता में खलल डालने वाले साबित होते हैं। राजनीति में वाणी का संयम एवं शालीनता बहुत जरूरी है, क्योंकि शब्द आवाज नहीं करते, पर इनके घाव बहुत गहरे होते हैं और इनका असर भी दूर तक पहुंचता है और देर तक रहता है। इस बात को राजनेता भी अच्छी तरह जानते हैं इसके बावजूद जुबान से जहरीले बोल सामने आते ही रहते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हो या राजद नेता लालूप्रसाद यादव प्रधानमंत्री को लेकर जो कुछ कहा हो भाजपा नेता ने सोनिया-राहुल को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हो, सार्वजनिक रूप से ऐसी टिप्पणियों को हेट स्पीच के दायरे से बाहर नहीं रखा जा सकता। राष्ट्रीय एकता एवं राजनीतिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले भाषणों की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। विशेषतः महिला नेताओं एवं उम्मीदवारों पर की जा रही कथित विवादास्पद एवं अशालीन टिप्पणियां लोकतंत्र पर बदनुमा दाग बन रही है। इसी तरह सुरजवाला को हरियाणा की एक चुनावी सभा में हेमा मालिनी को लेकर की गई टिप्पणी के लिए दोषी ठहराया गया है।

सुरजेवाला हो या कांग्रेस के अन्य नेता- इन सबको अपनी गलती का अहसास नहीं हुआ हो, ऐसा हो नहीं सकता। लेकिन पहले बयानबाजी कर बाद में लीपापोती करने में जुटना नेताओं का शगल होता जा रहा है। ज्यादा विवाद उठने लगे तो ऐसे तीखे एवं कड़वे बयानों के वीर एवं यौद्धा यह कहकर पल्ला झाड़ते नजर आते हैं कि उनके बयान को तोड़मरोड़ कर दिखाया गया है। कांग्रेस सहित अनेक राजनीतिक दलों के नेता ऐसे वक्तव्य देते हैं और विवाद बढ़ता देख बाद में सफाई देने से भी नहीं चूकते। आधुनिक तकनीकी एवं संचार -क्रांति के जमाने में हर व्यक्ति पत्रकार की भूमिका में हैं, सोशल मीडिया के दौर में जब हर हाथ में कैमरायुक्त मोबाइल रहने लगा है चुनावी सभाओं में कोई बयान सार्वजनिक हुए बिना रह ही नहीं सकता। बात केवल सुरजेवाला की ही नहीं है, इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व हिमाचल प्रदेश में मंडी से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कंगना रनौत को लेकर ऐसी ही अपमानजनक टिप्पणियां सामने आई थीं। चुनाव आयोग के संज्ञान में यह सब भी सामने आया था लेकिन बयान देने वालों को चेतावनी पत्र देकर ही छोड़ दिया गया। सुरजेवाला को लेकर आयोग के आदेश के बारे में यह जरूर कहा जा सकता है कि लोकसभा चुनाव प्रचार के इस दौर में आयोग ने किसी नेता को प्रचार से रोकने जैसा फैसला पहली बार किया है।

जहां भारत...

गौतम चौधरी

भारतीय अल्पसंख्यकों के हितों का सीएए में रखा गया है पूरा ख्याल

भारतीय नागरिकता (संशोधन) कानून पर 5 साल पहले ही मुहर लग गई थी हालांकि यह अब तक लागू नहीं हो पाया था। इसे लागू करने में इतना वक्त क्यों लगा, इसके पीछे की जटिलताओं को भी केन्द्रीय गृहमंत्रालय ने बताया है। सीएए को लेकर पूरे देश में प्रदर्शन भी हुए थे। ऐसा इसलिए हुआ कि इसके बारे में आम लोगों को समय पर सही तथ्यों की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गयी। इसके लिए केन्द्र सरकार को दोषी ठहराया जा सकता है लेकिन सीएए किसी खास समुदाय के लिए हानिकारक है, इसमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। बता दें कि सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट के लागू होने से अब तीन पड़ोसी मुस्लिम बाहुल्य देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए उन लोगों को भारत की नागरिकता मिल जाएगी जो दिसंबर 2014 तक किसी ना किसी प्रताड़ना का शिकार होकर भारत आए। यह तर्क दिया जा सकता है कि सीएए का उद्देश्य 31 दिसंबर, 2014 से पहले अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए उत्पीड़ति धार्मिक अल्पसंख्यकों हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाइयों को शरण प्रदान करना है। विचार यह है कि उन्हें भारत में नागरिकता और सुरक्षा प्रदान की जाए और इसका भारत में मुस्लिम नागरिकों की नागरिकता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसके पक्ष में पहला तर्क मानवीय आधार पर है

कि सीएए पड़ोसी देशों में उत्पीड़न का सामना कर रहे धार्मिक अल्पसंख्यकों की दुर्दशा के प्रति एक मानवीय प्रतिक्रिया है। उन्हें भारतीय नागरिक बनने का मौका देकर, इस कानून को उन लोगों के लिए एक सुरक्षित आश्रय प्रदान करने के तरीके के रूप में देखा जाता है जो धार्मिक उत्पीड़न के कारण उक्त देशों से भारत में आकर बस गए हैं। अब जहां तक मुसलमानों की बात है तो चूंकि जिन देशों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान) से सताए गए अल्पसंख्यकों को सुविधा दी जाएगी, वहां मुस्लिम आबादी बहुसंख्यक है और वहां उन्हें धर्म के आधार पर प्रताड़ति नहीं किया जाता, इसलिए उन्हें इस अधिनियम से बाहर रखा गया है। दूसरे तथ्य के आधार पर अगर हम देखें तो ऐतिहासिक संदर्भों पर ध्यान दें तो इसमें हमें नजर आएगा कि सीएए सताए गए समुदायों को आश्रय प्रदान करने के भारत के ऐतिहासिक लोकाचार के अनुरूप है। ऐतिहासिक उदाहरणों का हवाला दिया जा सकता है, जहां भारत उत्पीड़न का सामना करने वाले समुदायों के लिए शरणस्थली रहा है जिसके कारण भारत में एक समन्वयवादी संस्कृति विकसित हुई। इस प्रकार का कानून इसलिए भी बनाया गया है कि बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भारत में आकर शरण लिए उक्त देशों के धार्मिक आधार पर प्रताड़ति अल्पसंख्यकों के पास उचित दस्तावेज का आभाव है।

जरा हटके

इन मशीनों में...

राजेश कुमार पासी

पराजितों का सहारा बनती ईवीएम

ईवीएम को इसलिए लाया गया था ताकि बैलेट पेपर से होने वाली चुनावी धांधलियों को रोका जा सके । ईवीएम से कई फायदे हुए. कागजों की बर्बादी बंद हो गई, चुनाव परिणाम जल्दी आने लगे । इसके अलावा मतपेटियों को लूटने वाली घटनायें बंद हो गईं और बूथ कब्जे की घटनाओं पर लगाम लग गई । ईवीएम को पहली बार 1982 में केरल की पारूर सीट के विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल किया गया लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उस चुनाव को रद्द कर दिया क्योंकि ईवीएम के इस्तेमाल के लिए कोई कानून नहीं था । इसके कारण वर्ष 1989 में संसद द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में संशोधन किया गया ताकि ईवीएम का इस्तेमाल किया जा सके । इसके बाद 1998 में मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली की 25 विधानसभा सीटों पर चुनावों में ईवीएम का इस्तेमाल किया गया । 2004 में पहली बार लोकसभा के आम चुनाव में सभी लोकसभा सीटों पर मतदान के लिए ईवीएम का इस्तेमाल किया गया। तब से लगातार सभी लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में ईवीएम का इस्तेमाल होता आ रहा है । 2001 से लगातार ईवीएम के खिलाफ विभिन्न राज्यों के उच्च न्यायालय में ईवीएम के खिलाफ याचिकाएं दायर की जाती रही हैं । 2017 में सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की गई जिसे खारिज कर दिया गया । जब से ईवीएम का इस्तेमाल शुरू हुई हुआ है तब से लगातार इसका विरोध जारी है । एडीआर की याचिका पर सुनवाई करते हुए दो जजों की बेंच जस्टिस दीपांकर दत्त और जस्टिस संजीव खन्ना ने याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण के तर्कों का एक-एक करके जवाब दिया है । ईवीएम को लेकर यह आरोप लगाया जाता है कि जिसकी सरकार होती है, वो उसमे छेड़छाड़ कर सकता है । ऐसा ही आरोप अब सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम को लेकर चल रही इस सुनवाई में एडीआर के वकील प्रशांत

भूषण ने लगाया है । उन्होंने कहा है कि इसके निर्माण में ही गड़बड़ी है क्योंकि इसका निर्माण दो सरकारी कंपनियों द्वारा किया जाता है । इन कंपनियों में भाजपा से जुड़े लोग शामिल हैं और वो ही इन कंपनियों को चला रहे हैं । इन मशीनों में वहां छेड़छाड़ की जाती है । मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि क्या पीएसयू के उत्पादों पर भरोसा नहीं किया जाना चाहिए ? क्या ईवीएम पर भरोसा नहीं किया जा सकता क्योंकि इसे दो पीएसयू बना रही हैं ? उन्होंने कहा कि अगर सरकार किसी निजी कंपनी को मशीनें बनाने का ठेका दे देती है तो आप फिर कोर्ट आ जाएंगे और कहेंगे क्योंकि कंपनी को मशीन बनाने के लिए करोड़ों रुपये का ठेका दिया जा रहा है तो वो सरकार के लिए गड़बड़ कर रही हैं । कंपनी सरकार से मिली हुई है । ये तर्क वाहियात है कि अगर पीएसयू मशीन बना रही हैं तो उसमें छेड़छाड़ की जा रही है । अगर चुनाव के दौरान किसी उम्मीदवार को ईवीएम में गड़बड़ी लगती है तो वो चुनाव आयोग को शिकायत कर सकता है और चुनाव आयोग उस पर कार्यवाही करता है ।

कविता

चलें समय के साथ

कहते है कि बेहतर जीवन के लिये समय के अनुसार चलना चाहिये । समय के साथ चलना बुद्धिमत्ता भी है।यह बात कम ज्यादा सबको पता है। परिवर्तन हो,परिष्कार हो,ये समय के साथ बहुत जरूरी है पर स्वयं को बदले बिना,दुनियां को बदलने की बात अधूरी है। हमारे अपने स्वार्थ के आगे,परमार्थ की बातें दम तोड़ देती है क्यूंकि हमारी कथनीऔर करनी के बीच की खाई, बहुत गहरी है। जो रीति-रिवाज पीढ़ियों से चल रही है उनमें से अधिकांश रीति-रिवाज निभाना आज के परिवेश में बहुत मुश्किल होता है तब हर कोई चाहता है कि समय के अनुसार पीढ़ियों से चल रही रीति रिवाज में कुछ परिवर्तन हो पर परिवर्तन चाहता है अपने मन के अनुसार फिर समस्या आती है कि इसकी शुरुआत कौन करे।हम लोग सामाजिक प्राणी हैं ।जब समाज में रहते हैं तो उस समाज के क़ायदे क़ानून भी हमको अनुसरण करने होते हैं।आज के समय में हम जब अनेकांत का दृष्टिकोण ताक पर रख देंगे तो किसी एक के परिवर्तन पर सभी सहमत कैसे होंगे। मेरा भी मत यह कि समाज में चल रही पुरानी प्रथाओं में बदलाव की आवश्यकता है तो हम्हें अपने हिसाब से नही सोचना चाहिये।ज़रूरत है समाज आगे आये और सभी के सुझाव सुनकर आपसी ताल-मेल से बदलाव को प्राथमिकता देनी चाहिये। समयानुसार जमाना बदला है और आगे भी बदलेगा। अतः ज़रूरी है हम बदलते समयानुसार विवेक पूर्वक अपने को ढ़ालें और समाज के लिए स्वीकार्य बना लें पर साथ में यह भी ध्यान रहे कि हम अंधानुकरण मन में कभी न पालें।

› प्रदीप छाजेड़

शादी के 6 दिन पहले दूल्हे की हुई मौत

दिल्ली से आ रहा था परिवार, एटा में डिवाइडर से टकराई कार, 2 भतीजी समेत 4 की मौत

हादसा

तमसा संकेत, एजेंसी

एटा। यूपी के एटा में गुरुवार सुबह तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हो गए। मरने वाले में दूल्हा, उसकी 2 भतीजी और उसका दोस्त शामिल हैं। बच्चियों की उम्र 1 और 6 साल थी।

दूल्हे की 6 दिन बाद यानी 24 अप्रैल को शादी थी। जिसमें शामिल होने के लिए परिवार के साथ दिल्ली से मैनपुरी जा रहा था। कार की स्पीड तेज थी। इस दौरान ड्राइवर को झपकी आ गई। जिससे नेशनल हाईवे-91 के सुन्ना नहर पुल पर हादसा हो गया। मरने वाले सभी मूल रूप से मैनपुरी के रहने वाले थे। इनकी पहचान सथिनी दलितपुर के रहने वाले दूल्हा कुलदीप (21), उसकी भतीजी नित्या (1) और आराध्या (6) और उसका दोस्त व्यूति कलां निवासी गुलशन (23) के रूप में हुई है। दोनों बच्चियों के पिता रवि, उनकी मां रंजना और भाई आदित्य और ड्राइवर विष्णु, सतेंद्र भी घायल हो गए। दरअसल, गुलशन के चचेरे भाई निखिल की आज शादी थी।

कुलदीप, मृतक

नित्या और आराध्या, मृतका

> हादसे के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने 4 लोगों को मृत घोषित कर दिया।

बच्चे सीट के नीचे फंस गए थे

स्थानीय ने बताया, 'कार की टकराने की आवाज सुनकर हम मौके पर पहुंचे। देखा तो कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। सभी लोग उसमें फंसे थे। हमने पहले पुलिस की सूचना दी। तभी आस-पास के लोग भी आ गए।

इसके बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसा इतना भयानक था कि छोटे बच्चे सीट के नीचे फंस गए थे। बच्चों को मुश्किल से बाहर निकाला। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस सभी को मेडिकल कॉलेज ले गई।'

झपकी आने से हुआ हादसा

SSP राजेश कुमार सिंह ने बताया कि ड्राइवर को नींद आने से हादसा हुआ है। इसमें दो बच्चियों समेत 4 की मौत हुई है। 5 लोग घायल हैं। जिसमें तीन की हालत गंभीर है।

गुलशन के चचेरे भाई की आज थी शादी

कुलदीप और रवि दिल्ली में प्राइवेट जॉब करते थे। दोनों का परिवार भी साथ रहता था। कुलदीप की शादी 5 महीने पहले किशनी थाने की रहने वाली कुमकुम के साथ तय हुई थी। कुमकुम रिश्ते में उसकी मामा की लड़की है। बुधवार को कुलदीप ने परिवार का साथ चढ़ावे का सामान खरीदा। इसमें साड़ियां, ज्वेलरी, वर-वधू पक्ष के लिए कपड़े शामिल थे। इसके बाद उसने दोस्त गुलशन को फोन किया। मैनपुरी आने की बात बताई।

इंस्टाग्राम वीडियो बनाते समय युवक की हुयी मौत

दुःखद

तमसा संकेत, संवाददाता

बांदा। क्षेत्र के खैराडा गांव निवासी शिवम कुमार उम्र लगभग 21 वर्ष पुत्र वरदानी रैदास आज सुबह करीब 5- 6 बजे गांव के जूनियर हाई स्कूल में इंस्टाग्राम वीडियो ध्वजारोहण का पोल लगाने वाले सीमेंट से बने ढांचा में उल्टा लटक कर हाथ में एटा लेकर जिम करते हुए वीडियो अपने दोस्त अनु 16 वर्ष पुत्र लाल जी तथा अंकित 10 वर्ष पुत्र संतराम से वीडियो बनवा रहा था तभी ढांचा टूटकर शिवम के ऊपर गिर गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई परिजनों को जानकारी होते ही कोहराम मच गया और वहां भीड़ एकत्रित हो गई वह दो भाइयों में छोटा था तथा एक बहन है पिता बाहर रहकर मजदूरी करता था मृतक शिवकुमार भूरागढ़ की पानी पाउच फैक्ट्री में रिक्शा से इधर-उधर सप्लाई किया करता था आज सुबह करीब 5 बजे बाहर से आए हुए पिताजी को खैराडा रेलवे स्टेशन से घर छोड़कर के जिम करने जूनियर हाई स्कूल गया था तभी यह हादसा हो गया थाना प्रभारी राम मोहन राय ने बताया की घटना की जानकारी मिली है घटनास्थल पहुंचकर के पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई।

> मृतक शिवकुमार भूरागढ़ की पानी पाउच फैक्ट्री में रिक्शा से इधर-उधर सप्लाई करता था

फास्ट न्यूज

मझगई रेंज अंतर्गत महेंद्र नगर जंगल में लगी आग से कई एकड़ गेहूं जलकर स्वाहा

सिंगाही खीरी। दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन के मझगई रेंज के अंतर्गत महेंद्र नगर जंगल में लगी आग से कई एकड़ गेहूं की फसल एवं गेहूं की नारई जलकर स्वाहा हो गई। अग्नि लगने की सूचना पाकर पुलिस एवं फायर विकेट की गाड़ी मौके पर पहुंच गई है।

गेहूं की फसल पर गिर जाने से डेढ़ बीघा की फसल जलकर राख

पैलानी/बांदा। पैलानी थाना क्षेत्र के अलोना गांव में अचानक गेहूं की फसल पर आग लग जाने से किसानों में हड़कंप मच गया महरजवा पुत्र होरीलाल अलोना ने बताया कि मेरे खेत पर 11000 की लाइट का तार टूट कर गेहूं के खेत पर गिर जाने से डेढ़ बीघा की फसल जलकर राख हो गई है वही ग्रामीणों के मदद से आपको बुझाया गया बताया कि मात्र डेढ़ बीघा की फसल ही गेहूं बोया था जो अब साल भर जीवन यापन करने के लिए गेहूं नहीं है सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

अवैध गांजे की तस्करी करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध मादक पदार्था की बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना गिरवां पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों से अवैध सूखे गांजे की तस्करी करने वाले 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

छात्रों के द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

तमसा संकेत, संवाददाता

बबेरू/बांदा। बबेरू कस्बे ने निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत रखते हुए बबेरू कस्बे में मतदाता जागरूकता रैली जेपी शर्मा इंटर कॉलेज के छात्रों के द्वारा निकल गई है। जिसमें लोगों को सत प्रतिशत मतदान के लिए नगर वासियों ग्रामीणों को जागरूक किया गया है। वहीं बाहर रहने वाले मतदाताओं को मतदान के पूर्व गांव में बुलाकर मतदान कराए जाने की लोगों से अपील किया है। जिसमें जेपी शर्मा इंटर कॉलेज के छात्रों के द्वारा स्लोगन के माध्यम से नगर वासियों को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। इस मौके पर न्यायिक एसडीएम निधि पटेल उप जिलाधिकारी नमन मेहता, तहसीलदार लालाराम राजपूत, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी प्रद्युम्न कुमार कश्यप, नायब तहसीलदार मनोहर सिंह सहित कालेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर श्याम मनोहर राव, शिक्षक प्रदुम्न कुमार ,नरेंद्र गुप्ता ,शिक्षिका पूजा श्रीवास्तव सहित लेखपाल राजेंद्र द्विवेदी राजस्व निरीक्षक छत्रपाल सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र व सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल मौजूद रहा।

> बबेरू कस्बे में जेपी शर्मा इंटर कॉलेज के छात्रों के द्वारा एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में अग्निकांड से बचाव हेतु जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया है।

अवैध तमंचे के साथ शातिर अभियुक्त चिल्ला पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार

बांदा । पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शस्त्रों का संग्रहण, निर्माण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर की जा रही कार्यवाही के सुबह थाना चिल्ला पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अतरहट से कालेश्वर जाने वाली रोड ग्राम अतराहट से एक अभियुक्त को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है।

चिल्ला थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचे व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। इस सम्बन्ध में थाना चिल्ला पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया।

गार्ड आफ आनर के साथ हवलदार पंकज सिंह को दी गई अंतिम विदाई

तमसा संकेत, संवाददाता

बांदा। ग्राम बेन्दा मजरा ऊसरहार निवासी पंकज सिंह उम्र 42 पुत्र कुंजबिहारी सिंह (पूर्वसूबेदार) माताजी प्रेमिला देवी इनके तीन लड़कों में पंकज सिंह सबसे बड़े थे पंकज सिंह स्वभाव से बहुत ही विनम्र और मिलन सार थे पंकज सिंह 9 जून 2004 मे भारतीय सेना मे भर्ती हुए थे इनकी शादी बिसंडा में हुई थी इनका एक लड़का प्रतीक सिंह उम्र 12 साल तथा एक लड़की राधिका उम्र 9 साल पंकज सिंह 2023 से लगातार बीमार चल रहे थे उनको पहले पैरो मे दर्द की परेशानी हुई जब नहीं ठीक हुआ तो पूना महाराष्ट्र के डाक्टरों ने जांच के बाद पेट में ट्यूमर बताया जिसका इलाज आर्मी हॉस्पिटल में चल रहा था लेकिन 17 अप्रैल दिन बुधवार को वह जिंदगी की जंग हार गए फाइव फील्ड रेजीमेंट आर्टिलरी विभाग में हवलदार की पोस्ट में औरंगाबाद में तैनात थे 18 अप्रैल दिन गुरुवार समय 11 उनका शव पैतृक निवास बेन्दा के मजरा ऊसरहार लाया गया घर वालों का रो रो के बुरा हाल है पत्नी रोशनी सिंह रोते-रोते बेहोशी की हालत में पहुंच गई माता-प्रमिला देवी पिता कुंजबिहारी सिंह रिटायर्ड सूबेदार गिर गिर पड़ रहे थे सारे गांव में दुख का माहौल व्याप्त है पंकज कुमार सिंह की मौत कल बुधवार को प्रातरू पूना महाराष्ट्र आर्मी अस्पताल में इलाज के दौरान हुई थी।

> पिता कुंजबिहारी सिंह रिटायर्ड सूबेदार गिर गिर पड़ रहे थे

आज सुबह पूना से शव को फ्लाइट से लखनऊ एयर पोर्ट लाया गया वहा पर सलामी देने के बाद सड़क मार्ग से शव को सेना के जवानों ने उनके पैतृक आवास लाया गया शव को देखकर पत्नी रोशनी पछाड़ खा कर गिर पड़ी इस बीच पत्नी रोशनी व मां प्रमिला देवी कई बार बेहोश हो गई। पंकज कुमार सिंह के शव का अंतिम संस्कार यमुना नदी किनारे शमशान घाट पर प्रयागराज से आई सेना के जवानों ने सलामी देने के बाद किया गया। जब राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा सैनिकों द्वारा पिता कुंजबिहारी सिंह को सौंपा गया तब पुरे जन समूह की आंखे नम हो गई। बेंदा घाट चौकी इंचार्ज हरिशरण सिंह ने भी कंधा दिया।

राम का गुणगान और मोहम्मद का पैगाम सुनाया, यहां की जनसभा से मुस्लिमों के रुझान का पता चला था

मुस्लिमों के गढ़ में हिंदुत्व का पाठ पढ़ा गईं प्रियंका

तमसा संकेत, एजेंसी

सहारनपुर। सहारनपुर का पुल कंबोहान। कभी सियासी अखाड़ा हुआ करता था। पं.जवाहर लाल नेहरु, मौलाना हुसैन मदनी, हेमवती नंदन बहुगुणा, अब्दुल्ला बुखारी, जार्ज फर्नांडीज, राजेश पायलट, बसपा सुप्रीमो मायावती, राज बब्बर और रालोद मुखिया चौधरी अजित सिंह कई दिग्गजों ने तकरीरें (भाषण) दी। यहां की जनसभा से मुस्लिमों के रुझान का पता चला था। आपातकाल के बाद जब चुनाव हुए तो पुल कंबोहान पर ऐतिहासिक जनसभा हुई। मुस्लिम लीग के लीडर पीरजी खलीफ की तकरीर हुई, जिसे सुनने के लिए लोग दूर-दूर से आए। सभा कराने के लिए चंदा इकट्ठा करना था। जिसके लिए चीजों की नीलामी रखी गई। उस समय लोगों में ऐसी दीवानगी थी कि एक अंडे की बोली 500 रुपए तक लगाई गई। 80 के दशक और अब की राजनीति में बहुत बड़ा अंतर आया है। पहले हिंदू-मुस्लिम एकता की बात होती थी। जलसे में दोनों हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोग रहते थे। लेकिन, अब की राजनीति इतनी बदल गई कि अब हिंदू-मुस्लिम में फूट डालने की बात होती है।

> करीब दो दशक के बाद कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने रोड शो के दौरान इसी पुल कंबोहान पर तकरीर दी। एक ओर हिंदुत्व का पाठ पढ़ाने की कोशिश की। दूसरी ओर मोहम्मद साहब का पैगाम सुनाकर मुस्लिमों को साधने की कोशिश की।

आधी रात के बाद होती थी जनसभाएं

80 के दशक में पुल कंबोहान पर आधी रात को जनसभाएं हुआ करती थीं, लेकिन अब पुल कंबोहान पर चुनाव आयोग की सख्ती, आदर्श आचार संहिता और तमाम पाबंदियों के कारण पहले जैसा चुनावी माहौल नहीं बन पाता। लेकिन, 17 अप्रैल को प्रियंका गांधी के रोड शो और तकरीर ने पुराने लोगों की याद को ताजा कर दिया। पहले इस पुल कंबोहान पर हुए जलसों से चुनाव का रुख तय होता था। पुल कंबोहान मुस्लिम राजनीति का गढ़ माना जाता था।

आजादी की लड़ाई का गढ़ रहा है पुल कंबोहान

जब मुल्क अंग्रेजों का गुलाम था। उस दौर में आजाद देश का सपना देखने वाले जंगे आजादी के सिपाही इसी पुल कंबोहान पर जमा होते थे। पं.जवाहर लाल नेहरु भी देश आजाद होने से पहले इसी पुल कंबोहान पर आए थे। अंग्रेजों की गर्दन झुकाने के लिए क्रांतिकारियों में एक जोश भर गए थे।

निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

तमसा संकेत, संवाददाता

बबेरू/बांदा। निर्वाचन आयोग सहित जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश में कमासिन ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेर्राव में प्रातः 10 बजे से कैलाशपति इंटर कॉलेज प्रांगण में लोकतंत्र के महापर्व पांचवें चरण 20 मई को मतदान करने हेतु मतदाता जागरूकता रैली खंड विकास अधिकारी कमासिन ओमप्रकाश द्विवेदी, प्रधानाचार्य कृष्ण अवतार चतुर्वेदी ,ग्राम पंचायत प्रधान रज्जू देवी, ग्राम पंचायत सचिव सच्चिदानंद द्विवेदी के नेतृत्व में कैलाशपति इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं परिषदीय विद्यालय के प्राथमिक उच्च प्राथमिक छात्राओं ने कस्बा की गलियों में प्रभात फेरी निकालकर सभी मतदाताओं को पहले मतदान फिर जलपान करने सहित लोकतंत्र का भाग्य विधाता जागरूकता मतदाता के आकर्षण नारे लगाकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया । मतदाता जागरूकता रैली में प्रधान प्रतिनिधि राम प्रताप, कैलाशपति इंटर कॉलेज, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षिकाओं, शिक्षकों सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, जागरूकता मतदाता कैलाशपति इंटर कॉलेज प्रबंधक राम मूरत यादव ने अपने साथियों सहित सम्मिलित होकर छात्र,छात्राओं का उत्साह बढ़ाया।

घटना : 3 की मौत:15 साल की मासूम सहित एक घर से उठीं 3 लाशें, मंदिर दर्शन करने गया था परिवार

श्रद्धालुओं से भरी जीप पलटी

तमसा संकेत, एजेंसी

बलिया। बलिया में गंगा पार बिहार राज्य में देवी-दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी जीप पलट गई, जिसमें एक ही घर के तीन लोगों की मौत हो गई है। परिवार के दो सदस्य घायल भी हुए हैं। यह दुर्घटना बिहार में हुई है जिसमें बलिया निवासी तीन की मौत हो गई है। मृतकों का शव घर पहुंचने पर कोहराम मच गया और गांव सहित आसपास के काफी संख्या में लोग पहुंचे।

बताया जा रहा है कि बलिया से रामनवमी के दिन मोतीलाल वर्मा का परिवार बिहार के डुमरांव स्थित देवी मंदिर में दर्शन के लिए निकला। वे गंगा पार जीप पर सवार होकर नियाजीपुर मोहन का डेरा पहुंचे ही थे कि ओवरलोड जीप अनियंत्रित होकर वहीं पलट गई, जिसमें तीन की मौत हो गई। इस हादसे में मोतीलाल वर्मा की पत्नी माधुरी (60), बेटी रीना वर्मा (30) और बहन मुन्नी की नातिन डिंपी (15) की मौत हो गई है। जबकि मोतीलाल व उनकी बहन सहित 12 वर्षीय बच्चा घायल हैं। जिनका इलाज कराया जा रहा है। मोतीलाल वर्मा घटना के बारे में जानकारी देते हुए।

सुदीक्षा उर्फ डिंपी , मृतक

एक ही घर से निकले तीन शव

बलिया शहर कोतवाली के बेदुआ मोहल्ले में रोज की तरह चहल-पहल नहीं दिखी। गुरुवार सुबह यहां रोने की आवाजें सुनाई दीं और तीन शव सजाए गए। लोग परिवार वालों को ढांढस बंधाने के लिए पहुंचे। परिजनों ने बताया कि हम तो दर्शन के लिए जा रहे थे लेकिन जीप के चालक ने गलत तरीके से गाड़ी चलाई जिससे दुर्घटना हो गई।

> मृतक के परिजनों ने बताया कि अनियंत्रित जीप पलटते ही वहां से चिल्लाने की आवाजें आने लगीं। आसपास के लोग मौके पर दौड़े और किसी तरह से जीप को उठाया गया। दुर्घटना से पहले ही चालक जीप से कूदकर फरार हो गया था और मोतीलाल के परिवार के सभी लोग बुरी तरह से घायल हो गए थे।

मंदिर से 10 किलोमीटर पहले हुई दुर्घटना

जानकारी के अनुसार बलिया के शहर कोतवाली एरिया के बेदुआ मोहल्ला निवासी मोतीलाल वर्मा, उनकी पत्नी माधुरी देवी, बहन मुन्नी देवी, बेटी रानी वर्मा और नातिन डिंपी दर्शन के लिए निकले थे। वे गंगा पार पहुंचे और बिहार के डुमरियां स्थित मंदिर जाने वाली सवारी जीप गाड़ी में बैठ गए। उस जीप में पहले से ही कुछ लोग बैठे थे, बताया जा रहा है कि सवारी जीप में जगह से ज्यादा सवारियां बैठाई जाती हैं, जिससे अक्सर दुर्घटना होती है। ऐसी ही एक सवारी वाली जीप में मोतीलाल का पूरा परिवार बैठा लेकिन मंदिर पहुंचने से 10 किलोमीटर पहले ही दुर्घटना हो गई।

ग्राम पंचायत पिपरहरी में संचालित गौशाला में किसान ने बीस कुंतल भूसा दान किया

अपील

तमसा संकेत, संवाददाता

बांदा। विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति के द्वारा लगातार भूसा दान के लिए अभियान चलाया जा रहा है इसी अभियान के तहत तिंदवारी ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरहरी में संचालित अस्थाई गौशाला में पिपरहरी ग्राम पंचायत के किसान सुरेश सिंह जी ने गौ माता के लिए 20 कुंतल भूसा दान किया और उन्होंने सभी अपील की की ज्यादा से ज्यादा किसान आगे आकर कर भूसा दान करें। मौके में उपस्थित गौ रक्षा समिति से पैलानी तहसील अध्यक्ष पवन कुमार द्विवेदी ने अपने तहसील के अंतर्गत सभी किसानों से लगातार अपील कर रहे हैं कि अपने क्षेत्र से संबंधित गौशाला में ज्यादा से ज्यादा भूसा दान करें जिससे गौ माता को भूख से बचाया जा सके।

गौरक्षा समिति के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति जानकारी देते हुए बताया कि गौ रक्षा समिति के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है प्रत्येक गौ रक्षा समिति का पदाधिकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत में जाकर किसानों से संपर्क किया जा रहा है और भूसा दान के लिए अपील की जा रही है। अभी कुछ दिन पहले दो मुस्लिम भाइयों ने गौ माता के लिए भूसा दान किया था। जो कि बांदा जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल के द्वारा भी भूसा दान के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी किसी भी किसान से संपर्क नहीं कर रहे हैं।

इस मौके में ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह ने सभी ग्राम प्रधानों से अपील की है कि आप सभी अपने-अपने ग्राम पंचायत में किसानों को जागरूक करें भूसा दान के लिए अपील करें।

कानपुर के चकेरी में घटना परिवार के लोग दुकान पहुंचे तो मिला खून से लथपथ शव, दोनों मजदूर फरार

दुकानदार की गला रेतकर हत्या

संदेह

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर चकेरी के जेके फर्स्ट में रजाई गद्दा दुकानदार की बुधवार रात गला रेतकर हत्या कर दी गई। गुरुवार की सुबह काफी देर तक घर नहीं आने पर परिवार के लोग दुकान पहुंचे तो खून से लथपथ शव पड़ा मिला। सूचना पर चकेरी थाने की पुलिस फोर्स, फोरेंसिक टीम और डीसीपी मौके पर जांच करने पहुंचे। परिवार के लोगों को संदेह है कि दुकान पर रहने वाले दोनों कर्मचारी मर्डर के बाद लापता है। उन्हीं दोनों ने लूटपाट के बाद हत्याकांड को अंजाम दिया है। जेके फर्स्ट चौराहे के पास असलम फुटपाथ पर टट्टर लगाकर रजाई गद्दे की दुकान चलाते थे। दुकान से चंद कदम की दूरी पर ही परिवार रहता है। सुबह 11 बजे तक असलम घर नहीं पहुंचे तो परिवार के लोग दुकान पर आए। दुकान पर पहुंचते ही दंग रह गए। असलम का रक्तरंजित शव जमीन पर पड़ा हुआ था। धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या की गई थी। जबकि अन्य दोनों मजदूर लापता थे। परिवार के लोगों ने दोनों मजदूरों पर लूट के बाद हत्या की आशंका जताई है। पुलिस दोनों मजदूरों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

कानपुर चकेरी के जेके फर्स्ट में रोड पर दुकान लगाने वाले असलम की गला रेतकर हत्या कर दी गई।

परिवार के लोगों ने बताया कि दुकान में दो मजदूर अकील और जगदंबा काम करते हैं। दोनों मजदूर दुकान पर ही रहते थे, खाने-पीने के चक्कर में कई बार असलम भी बुधवार रात को दुकान पर ही रुक गए थे।

सुबह परिवार के लोग दुकान पहुंचे तो मिला रक्तरंजित शव

बिहार के हाजीपुर जिला के मनहार गांव में रहने वाले असलम (55) 35 सालों से चकेरी के जेके फर्स्ट में परिवार के साथ रहते थे। उनके परिवार में पत्नी शकीला, चार बेटे जावेद, फिरोज, अफरोज, चांद और एक बेटी खुशबू है।

नॉनवेज, शराब पार्टी फिर झगड़े के बाद हत्या

डीसीपी ने बताया कि आसपास के लोगों से प्राथमिक जांच में कई अहम जानकारी सामने आई है। जांच के मुताबिक बुधवार रात को असलम और उनकी दुकान पर काम करने वाले मजदूरों जगदंबा और अकील ने नॉनवेज बनाया और शराब पार्टी की थी। देर रात झगड़ा और फिर अचानक से सन्नाटा पसर गया था। उम्मीद है कि शराब पीने के दौरान झगड़ा हुआ और दोनों मजूदर हत्या के बाद फरार हो गए। हत्याकांड का खुलासा करने के लिए जांच की जा रही है।

कानपुर के चकेरी में हत्याकांड के बाद रोती बिलखती पत्नी।

जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया

हत्या की सूचना पर डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह, चकेरी थाने के फोर्स और फोरेंसिक टीम मौके पर जांच करने पहुंची। जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। हत्या के संदिग्ध आरोपियों की धरपकड़ के लिए जाजमऊ थाने के साथ ही अन्य दो टीमों को गठित किया गया है। जल्द ही हत्याकांड का खुलासा करके आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

अज्ञात कारणों के चलते लगी आग

करीब एक दर्जन घरों की गृहस्थी जलकर हुई ख़ाक

दुःखद

तमसा संकेत, संवाददाता

लखीमपुर खीरी। विकासखंड ईसानगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुरजनपुर के मजरा मिदनिया में अज्ञात कारणों के चलते गुरुवार की दोपहर करीब 1:00 बजे बंटनी पुत्र रामनाथ के घर में आग लग गई। हवा के तेज थपेड़ों के कारण देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग की तेज लपटों ने अन्य घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग के विकराल रूप के चलते ग्रामीणों को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी,ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते तब तक रामलखन पुत्र रामनाथ,मेड़ईलाल पुत्र रामनाथ, श्याम बिहारी,छोटकन सहित करीब एक दर्जन गरीबों के आशियाने जलकर खाक हो गए। इस दौरान आग की तेज लपटें देख मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई जिससे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं गांव में हुई आगजनी की घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दी गई है।

मिदनिया में आग बुझाते ग्रामीण और जल रहे गरीबों के घर

ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

फास्ट न्यूज

ट्रैक्टर से कुचलकर स्कूटी सवार की मौत

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को ट्रैक्टर से कुचलकर स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहर कोतवाली के मोहल्ला नुनहाई का निवासी पंकज (36) स्कूटी से अपने साथी रिश्तेदार अश्विनी के साथ चौक रेलवे रोड मार्ग पर स्टेट बैंक वाली गली के समीप पहुंचा कि मोड पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में पंकज की मौत हो गयी जबकि अश्विनी बाल बाल बच गया।

झांसी-ललितपुर लोकसभा सीट से बसपा ने घोषित प्रत्याशी को किया निष्कासित

झांसी। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए लगभग सभी दलों ने अपने अपने उम्मीदवारों की घोषणा शुरू कर दी है। इस क्रम में बुंदेलखंड की झांसी – ललितपुर लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने राकेश कुशवाहा को अपना आधिकारिक प्रत्याशी घोषित किया था लेकिन इस फैसले के मात्र चंद दिनों बाद ही पार्टी ने उम्मीदवार पर अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए निष्कासित कर दिया है। बसपा के जिला कार्यालय की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार पार्टी ने झांसी के घोषित उम्मीदवार राकेश कुशवाहा को अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में निष्कासित कर दिया है। बताया गया कि श्री कुशवाहा के खिलाफ मिली रिपोर्ट को विभिन्न सूत्रों से छानबीन करने के बाद उनको निष्कासित किया गया है।

देवरिया में गेंहूँ की खड़ी फसल में आग, बुजुर्ग की मौत

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिल के सदर तहसील क्षेत्र में गुरूवार को गेंहूँ की खड़ी फसल में आग लगने से एक बुजुर्ग किसान की झुलस कर मौत हो गई।

सदर क्षेत्राधिकारी रेड्डी ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम बलियवां में लगी आग तेज पछुआ हवा के बीच ग्राम गौरा तक पहुँच गई। आग से झुलस कर गौरी शुक्ला (70) की मौत हो गयी।

सड़क हादशे में मां बेटी की हुई मौत पिता घायल

तमसा संकेत, संवाददाता

बिसवां (सीतापुर)। थाना सदरपुर अन्तर्गत बिसवां बहराइच मार्ग पर देबियापुर पुलिस चौकी के निकट गुरुवार दोपहर ग्राम सेवता से अपनी पत्नी तथा दो साल की बच्ची को लेकर शादी समारोह में जा रहे बाइक सवार दम्पत्ति को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गए जिन्हे एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां लाया गया जहां उपस्थित डाक्टरों ने बच्ची तथा उसकी मां को मृत घोषित कर दिया तथा घायल का इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है।

मिली जानकारी अनुसार थाना रेउसा अंतर्गत ग्राम सेवता निवासी अठ्ठाइस वर्षीय मुकेश कुमार पुत्र शिवकुमार मौर्य अपनी पत्नी पूनम तथा दो साल की लड़की लाची के साथ बाइक से थाना रामपुर कलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम लोना में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।कि उनकी मोटरसाइकिल में थाना सदरपुर अन्तर्गत बिसवां बहराइच मार्ग के देबियापुर पुलिस चौकी के निकट किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी जिससे बाइक सवार तीनो लोग बुरी तरह से घायल हो गए जिन्हे एंबुलेंस से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां लाया गया जहां उपस्थित डाक्टरों ने पत्नी पूनम तथा लड़की लाची को मृत घोषित कर दिया तथा घायल का इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया इस संबंध में थाना प्रभारी सदरपुर राकेश कुमार सिंह ने बताया की जानकारी मिली है। की किसी डम्फर से शायद ओवरटेक करते समय हादसा हुआ है अभी उस वाहन का कोई पता नहीं चल सका है।

बाइक पर पेड़ गिरने से युवक की मौत, दो घायल

तमसा संकेत, संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। ससुराल आए युवक की गुरुवार को तेज हवाओं के चलते बाइक पर पेड़ गिर जाने से मौत हो गई। हादसा में मृतक की पत्नी व पुत्री घायल हो गई। घायलों को आसपास के लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज किया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

बता दें कि निघासन थाना क्षेत्र के गांव लतपुरवा निवासी लतीफ 45 पत्नी घायल जुबेदा बानो 42 पुत्री मोजुदा 21 के साथ बाइक से पलिया कोतवाली स्थित अपनी ससुराल सरखना पूरब आया हुआ था। गुरुवार को वह बाइक से अपने परिवार के साथ घर के लिए वापसी कर रहा था।

बताया जाता है कि अभी वह सरखना गांव के पास स्थित रपटा पुल के पास पहुंचा ही था कि तभी चल रहीं तेज हवाओं की चपेट में आने से एक विशालकाय पेड़ लतीफ की बाइक पर अचानक गिर पड़ा। बाइक पर पेड़ के गिरने से चालक लतीफ की मौत हो गई जबकि पत्नी व बेटी घायल हो गई। हादसे की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर आ पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर भर्ती कराया। हादसे की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर जा पहुंची और शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम की तैयारी में जुट गई। अचानक हुई ग्रामीण की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। पुलिस ने बताया कि लतीफ पुत्र मुकद्दीस अपने ससुराल आया हुआ था। गुरुवार को वह बाइक से ससुराल से वापसी कर रहे थे इसी बीच सरखना पूरब गांव के अंदर रपटा पुल के पास तेज हवाओं के चलते एक आम का पेड़ उनकी बाइक पर गिर गया और उनके मौके पर ही मौत हो गई।

- -अपनी ससुराल से घर जा रहा था युवक
- -निघासन थाना क्षेत्र का निवासी था मृतक।

संदिग्धअवस्था में शव मिलने से मच गया हड़कंप

तमसा संकेत, संवाददाता

लखीमपुर खीरी। कोतवाली के मूडा निजाम चौकी क्षेत्र के गांव मुकंदीपुर में गुरुद्वारा के पीछे एक अधेड़ का खून से लथपथ संदिग्धअवस्था में शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हिंसक पशु द्वारा हमला करने से मौत की बात कहकर शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त न होने पर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। गुरुवार को गांव मुकंदीपुर निवासी बलजिंदर ने सुबह गुरुद्वारे के पीछे सड़क किनारे एक अधेड़ का खून से लथपथ अवस्था में शव दिखाई पड़ने पर पुलिस को सूचना दी। सीओ अरुण कुमार सिंह और निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह चौकी प्रभारी हिमांशु आनंद सिंह की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शरीर पर निशान मिलने से हिंसक पशु द्वारा हमला करने की बात कहकर उसकी शिनाख्त न होने पर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला मृतक गांव में लगे साईं ईट भट्ठा पर काम करने की बात सामने आई। पुलिस में भट्ठा मालिक से पूछताछ करने पर दस्तावेजों से मृतक की शिनाख्त गांव मनहरिया थाना शेरामऊ उत्तरी जिला पीलीभीत निवासी जसवंत 40 वर्ष पुत्र राम बहादुर के रूप में होने पर उसके परिजनों को घटना की सूचना भेजी गई है। भट्ठा मलिक कहना है उसके यहां मजदूरी करता था। उधर मृतक के शरीर पर निशान के साथ पहने कपड़े सुरक्षित मिलने पर लोग हत्या की आशंका जाता रहे हैं। मृतक शराब पीने का आदी होना पता चला है।

सीओ का कहना है खून से लथपथ अवस्था में अधेड़ का शव मिला है। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है। परिजनों ने तहरीर नहीं दी है।

पेयजल सुविधाओं और वैशाली एक्सप्रेस के क्लोन सेट का निरीक्षण किया

जया वर्मा सिन्हा ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का किया दौरा

निरीक्षण

तमसा संकेत, संवाददाता

नई दिल्ली। श्रीमती जया वर्मा सिन्हा, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड के साथ उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री शोभन चौधुरी ने गर्मियों के दौरान रेल यात्रियों के लिए किए गए विभिन्न इंतजामों का जायजा लेने के लिए दिनाँक 17.04.2024 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया। इस अवसर पर दिल्ली मंडल के डीआरएम श्री सुखविंदर सिंह और रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।श्रीमती जया वर्मा सिन्हा ने अपने दौरे के दौरान नई दिल्ली स्टेशन पर यात्रियों से बातचीत की, सीसीटीवी कार्यप्रणाली, पेयजल सुविधाओं और वैशाली एक्सप्रेस के क्लोन सेट का निरीक्षण किया। उन्होंने रेलयात्रियों के लिए की गयी व्यवस्थाओं की सराहना की और निर्देश दिए कि यात्रा करने वाले लोगों को अधिकतम सुविधा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यही प्रयास विपरीत दिशा में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए भी होने जाने चाहिए।

उत्तर रेलवे सभी यात्रियों को आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने अधिकारियों को यात्रियों को उनकी सुरक्षित और आरामदायक यात्रा के लिए सभी आवश्यक उपाय करने के लिए सक्रिय रहने के निर्देश दिये।

सांसद की पुलिस से बहसबाजी

अकबरपुर सीट से देवेंद्र सिंह भोले ने नामांकन किया

तमसा संकेत, संवाददाता

कानपुर। लोकसभा चुनाव की यूपी में 13 सीटों के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। अकबरपुर (कानपुर देहात) से तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने नामांकन किया। नामांकन करने कानपुर नगर कलेक्ट्रेट पहुंचे भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले की पुलिस से तीखी झड़प हो गई। कलेक्ट्रेट में नामांकन के लिए प्रत्याशी के साथ सिर्फ 4 लोग ही जा सकते हैं, जबकि भोले सिंह वकील को भी ले जाने के लिए जिद करने लगे।

काफी देर हुई बहस के बाद भोले सिंह 6 लोगों को अंदर ले गए। निर्वाचन से शिकायत के बाद कैबिनेट मंत्री राकेश सचान को अंदर से बाहर किया गया। नामांकन के दौरान उनके साथ पूर्व मेयर जगतवीर सिंह द्रोण, पूर्व विधायक आरपी कुशवाहा, 2 वकील समेत 5 लोग नामांकन के वक्त रहे। इस दौरान भोले की एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह से बहस हो गई। नामांकन से पहले देवेंद्र सिंह भोले ने परमट मंदिर में भगवान भोले का आशीर्वाद लिया।

सुबह 11 बजे से लागू हुई अधिसूचना

चौथे चरण के लिए आज सुबह 11 बजे से अधिसूचना लागू हो गई है। 25 अप्रैल नामांकन की आखिरी तारीख होगी। 29 अप्रैल तक नाम वापसी का मौका रहेगा। चौथे चरण में 13 मई को वोटिंग है। बता दें कि नामांकन शुरू होने के साथ ही चौथे चरण में चुनावी सरगर्मी तेज हो जाएगी। इसमें सबसे कड़ा मुकाबला कन्नौज, अकबरपुर, इटावा और उन्नाव में देखने को मिलेगा।

पृष्ठ 01 का शेष...

लोकसभा चुनाव के प...

पोलिंग पार्टियां मतदान स्थल पर पहुंच चुकी हैं। गुरुवार को प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा ने रिणवा ने यहां प्रदेश में पहले चरण में मतदान की तैयारियों की जानकारी दी। शुक्रवार को सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा), मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। शाम छह बजे लाइन में लगे सभी मतदाताओं को वोट डालने दिया जाएगा। पहले चरण में सबसे ज्यादा मतदाता मुरादाबाद और सबसे कम नगीना लोकसभा क्षेत्र में हैं। सबसे ज्यादा प्रत्याशी कैराना में 14 और सबसे कम नगीना और रामपुर में 6-6 हैं। कुल 80 प्रत्याशियों में से 7 महिला प्रत्याशी हैं। वहीं कुल मतदाताओं में 7.65 करोड़ से ज्यादा पुरुष और लगभग 6.74 करोड़ महिला मतदाता हैं। 749 थर्ड जेंडर भी मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

7500 से ज्यादा पो...

इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 5,47,431, पोस्टर के 18,90,212 बैनर के 10,09,664 एवं अन्य 6,86,738 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 70 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित कुल 76 मामलों में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1853 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 17 अप्रैल तक अपराधिक व्यक्तियों के 487 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4280 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। शांति भंग की आशंका में 24,15,559 लोगों को पाबंद करने के नोटिस भेजे गए हैं।

अब है विकास का साम्रा...

सपा-बसपा व कांग्रेस के लोग कर्फ्यू वाले हैं। इनके राज में महीनों कर्फ्यू लगा रहता था पर आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं है। दंगा कराकर यह लोग प्रदेश को अस्त-व्यस्त करते थे। यह दंगा पॉलिसी चलाते थे, हम विकास की पॉलिसी चलाते हैं। हमारी सरकार में सामान्य प्रदेशवासियों को 'राम-राम' और माफिया-अपराधियों के लिए 'राम नाम सत्य' की यात्रा के रास्ते खुले रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज हम सभी नए भारत में हैं। 2014 के चुनाव के साक्षी लोग जानते हैं कि उस समय कैसा भारत था। वे वर्तमान पीढ़ी और नवोदित मतदाताओं को बताएं कि उसके पहले लोगों में आक्रोश, अवश्विास था। देश में आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद सिर चढ़कर बोल रहा था। देश की सभी संस्थाओं में भ्रष्टाचार चरम पर था। युवा निराश व किसान आत्महत्या कर रहा था।

योगी ने कहा ह्न दस वर्ष में हमने बदलते भारत को देखा है। नक्सलवाद व आतंकवाद आदि समस्याओं का समाधान हुआ है। कांग्रेस ने समस्या दी। जम्मू समेत पूरे देश को आतंकवाद की चपेट में ला दिया। रोज विस्फोट होते थे, निर्दोष लोग मरते थे। परिवार तबाह हो जाते थे, लेकिन कांग्रेस के लोग तमाशबीन बने रहते थे। एक बार भी यह लोग आतंकवाद के खिलाफ बोलने को तैयार नहीं थे पर आज धारा-370 समाप्त हो गई। उन्होंने कहा कि जेवर में बन रहा एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट विकास का उदाहरण है। इसका सबसे अधिक लाभ सिकंदराबाद व जेवर को मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुई है। हम रैपिड रेल की सुविधा देने जा रहे हैं। मेट्रो आ रही है। रेल की कनेक्टिविटी, दादरी में डेडिकेटेड फ्रेड कॉरिडोर का जंक्शन, लॉजस्टिक का देश का सबसे बड़ा केंद्र भी यहां बनने जा रहा है, जहां लाखों नौकरियां निकलेंगी।

गौतमबुद्ध नगर के सांसद व भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के लिए वोट की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि उप्र में कोई बीमार हो गया। उसके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है। सांसद-विधायक व पीड़ित ने पत्र लिख दिया तो सीधे अकाउंट में पैसा भेज दिया जाता है। बीमारी के कारण परिवार पर कोई आर्थिक बोझ न आए, सरकार इसका दायत्वि और उपचार का खर्च वहन करने की जम्मिदारी लेती है।

दादा की कर्मभूमि में ...

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से गठबंधन होने के बाद जयंत चौधरी के सामने कई चुनौतियां आ खड़ी हुई है। पहली चुनौती तो उनके सामने भाजपा हाई कमान के सम्मुख पश्चिम उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल के वर्चस्व को बरकरार रखना है तो दूसरी चुनौती में उनको अपनी खोई हुई पुश्तैनी बागपत लोकसभा सीट को वापस भी लाना है। शायद यही वजह है की जयंत चौधरी इस सीट को पाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं और वे इसमें कोई कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहते है। छपरौली से शुरू हुए शक्ति रथ पर सवार होकर वह गांव-गांव में जाएंगे और पुश्तैनी सीट वापसी के लिए नुक्कड़ व जनसभा के माध्यम से लोगों से अपील भी करेंगे। गौरतलब है कि चौधरी चरण सिंह परिवार से छपरौली सीट से संयुक्त भावानात्मक रिश्ता है। दरअसल, छपरौली वह विधानसभा सीट है, जिससे चौधरी चरण सिंह प्रथम बार वर्ष 1937 में विधायक बने थे। उसके बाद से वह सांसद बनने तक लगातार इसी विधानसभा से जीत दर्ज कराते रहे। इसी वजह से छपरौली को चौधरी चरण सिंह की कर्मभूमि कहा जाता है और उनके परिवार का छपरौली से भावनात्मक रिश्ता जुड़ा हुआ है।

सीएम की दवाई कस्ट...

उन्होंने सिर्फ नवरात्रि के पहले दिन ही पूड़ी खाई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी विंग ईडी के जरिये केजरीवाल की सेहत को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रही है। वे केजरीवाल को जेल में घर का बना खाना देने से रोकने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एक बार जब घर का खाना बंद हो जाएगा तो यह पता नहीं चलेगा कि केजरीवाल को जेल में क्या खिलाया जा रहा है और कब। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कुछ दिनों से केजरीवाल का शुगर लेवल 300 से अधिक है, लेकिन तिहाड़ जेल अधिकारियों ने उन्हें इंसुलिन देने से इन्कार कर दिया है। केजरीवाल के घर में बने खाने की आपूर्ति बंद कर उन्हें मारने की साजिश की जा रही है।

भारत की बड़ी काम...

परीक्षण के दौरान हथियार की सभी उप प्रणालियों ने उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन किया। मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी उड़ान पथ की पूरी कवरेज सुनिश्चित करने के लिए आईटीआर द्वारा विभिन्न स्थानों पर तैनात रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलीमेट्री जैसे कई रेंज सेंसर द्वारा की गई थी।

आशंकाओं को लेकर...

प्रशांत भूषण एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की तरफ से पेश हुए। वहीं, चुनाव आयोग की ओर से एडवोकेट मनिंदर सिंह और केंद्र सरकार की ओर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मौजूद थे। कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि क्या वोटिंग के बाद वोटर्स को VVPAT से निकली पर्ची नहीं दी जा सकती है। इस पर चुनाव आयोग ने कहा- वोटर्स को VVPAT स्लिप देने में बहुत बड़ा रिस्क है। इससे वोट की गोपनीयता से समझौता होगा और बूथ के बाहर इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल दूसरे लोग कैसे कर सकते हैं, हम नहीं कह सकते।

गाजियाबाद से गा...

इस वजह से नौजवान आत्महत्या कर रहे हैं। फिरोजाबाद की एक युवती ने प्रश्नपत्र लीक हो जाने पर आत्महत्या कर ली थी। जो आंकड़े अभी हाल ही में आए है उनसे पता चलता है कि 90 फीसदी युवाओं के पास काम नहीं है। उन्होंने दावा करते हुए कहा, इस बार लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक सफाया हो जाएगा और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जोरदार जीत हासिल करेंगे। यादव ने कहा कि चुनाव के बाद केन्द्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। अखिलेश यादव ने कन्नौज से चुनाव लड़ने के संबंध में घोषणा तो नहीं की लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से कहा कि साइकिल चुनाव चिह्न पर सपा चुनाव लड़ेगी और कन्नौज में वह स्वयं मौजूद हैं। कन्नौज से समाजवादी पार्टी रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीतेगी। इससे पहले, अखिलेश यादव ने पार्टी के जोनल एवं सेक्टर प्रभारियों के साथ बंद कमरे में बैठक की और चुनाव की रणनीति पर विचार-विमर्श किया।

गलत थ्रो करने पर मुकेश पर भड़के कुलदीप

गुस्सा

कहा- पागल है क्या, पंत ने शांत कराया, माइक पर सब सुनाई दिया

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स (DC) ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2024 में बुधवार को गुजरात टाइटंस (GT) को 6 विकेट से हराया। अहमदाबाद में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात टाइटंस 17.3 ओवर में 89 रन पर ऑलआउट हो गई। टाइटंस ने लीग में अपना सबसे छोटा स्कोर बनाया। इससे पहले पिछले साल टीम दिल्ली के ही खिलाफ 125 रन बनाकर सिमट गई थी। मैच के दौरान कुलदीप यादव फील्डर मुकेश कुमार पर गुस्सा हो गए और उन्हें दिल्ली के कप्तान ऋषभपंत ने शांत कराया। कुलदीप मुकेश को यह कहते हैं कि पागल वागल है क्या। उसके बाद पंत कहते हैं गुस्सा नहीं, गुस्सा नहीं। वे तेजी से सिंगल लेने के लिए दौड़े, लेकिन फील्डिंग पर मौजूद सुमित कुमार ने तेजी से गेंद को पकड़ लिया और फिर गेंद के साथ दौड़ते हुए स्टंप की ओर डाइव लगाई। बॉल विकेट पर लगी और नॉन-स्ट्राइकर एंड पर सुदर्शन रनआउट हो गए। पंत ने GT की पारी के नौवें ओवर के दौरान सजगता दिखाई। 14 गेंदों में 8 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे, अभिनव मनोहर ने लेंथ बॉल को पुश करने की कोशिश की, लेकिन बीट हो गए।

पंत कुलदीप यादव को शांत कराते हुए।

सुमित कुमार ने शानदार डाइव लगाकर रनआउट किया

दिल्ली कैपिटल्स लिए सुमित कुमार ने चोटिल डेविड वार्नर की जगह ली और साई सुदर्शन का शानदार रन आउट कर बड़ा प्रभाव डाला। सुदर्शन का रनआउट पांचवें ओवर की पहली गेंद पर हुआ, मिडिल स्टंप लाइन पर लेंथ ईशांत शर्मा की डिलीवरी फेंकी, जिसे साई ने मिड-विकेट की ओर खेला।

मुकेश ने साहा को बोल्ड किया

दिल्ली कैपिटल्स के पेसर मुकेश कुमार ने गुजरात टाइटंस के ओपनर ऋद्धिमान साहा को बोल्ड कर दिया। चौथे ओवर की पांचवी बॉल पर मुकेश कुमार ने शॉर्ट लेंथ पर स्विंग गेंद फेंकी। साहा को स्विंग की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने मिड विकेट की ओर शॉट खेलने की कोशिश की और बल्ले के किनारे से लगकर बॉल सीधे स्टंप में जा लगी। साहा 10 बॉल में केवल 2 रन ही बना सके।

शाहरुख खान पहली ही गेंद पर आउट हो गए।

शाहरुख की स्टंपिंग में अंपायर को हुआ कंफ्यूजन

गुजरात के शाहरुख खान का विकेट ऋषभ पंत की स्टंपिंग से गिरा। 9वें ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स ने राउंड द विकेट शॉर्ट बॉल फेंकी। शाहरुख ने आगे बढ़कर शॉट खेलने की कोशिश की। इस दौरान बॉल लेग साइड की ओर स्पिन हुई और वे शॉट चूक गए। स्टंप के पीछे ऋषभ पंत बॉल को सफाई से पकड़ने में असफल रहे, लेकिन गेंद उनके हाथ से फिसलकर स्टंप पर जा लगी।

> शाहरुख स्पष्ट रूप से अपनी क्रीज से बाहर थे लेकिन इस बात पर संदेह था कि पहले पंत का ग्लव लगा है या बॉल। पंत ग्लव्स को स्टंप्स के पास लेकर गए, लेकिन बेल्स तभी चमकीं जब गेंद स्टंप्स पर लगी और आखिरकार, थर्ड अंपायर ने उन्हें आउट दे दिया।

डेवोन कॉन्वे चोट की वजह से आईपीएल 2024 से बाहर

इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन बतौर रिप्लेसमेंट सीएसके से जुड़े, टीम का अगला मुकाबला लखनऊ से

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे चोट के चलते इंडियन प्रीमियर लीग 2024 से बाहर हो गए हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स ने कॉन्वे के रिप्लेसमेंट के रूप में इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन को स्क्वॉड में शामिल किया है। कॉन्वे ने इस सीजन एक भी मैच नहीं खेला।

कॉन्वे अंगूठे की चोट के कारण IPL 2024 के पहले हॉफ के लिए उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने पिछले महीने अपने अंगूठे की सर्जरी कराई थी और वे तब से खेल के मैदान से दूर हैं। CSK का अगला मैच कल यानी 19 अप्रैल को लखनऊ सुपर जाएंट्स (LSG) के खिलाफ लखनऊ में खेला जाएगा। CSK इस सीजन 6 मैचों में से 4 जीते के बाद 8 पॉइंट्स लेकर पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर है। कॉन्वे पिछले साल GT के खिलाफ फाइनल में

प्लेयर ऑफ द मैच थे। इस मैच में CSK को 5 विकेट से जीत मिली थी। IPL 2023 में उन्होंने 16 मैचों में 672 रन बनाए थे। वे अपनी टीम से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। कॉन्वे को CSK ने 2022 की ऑक्शन में एक करोड़ रुपए के बेस प्राइस पर अपने साथ जोड़ा था। लेफ्ट हैंड बैटर ने अब तक 23 IPL मैचों में 46.12 की औसत और 141.28 की स्ट्राइक रेट से 924 रन बनाए हैं।

रोहित ने वर्ल्ड कप को लेकर मीटिंग का किया खंडन

कहा- अगरकर- द्रविड़ से मुलाकात नहीं, इम्पैक्ट प्लेयर नियम के फेवर में नहीं भारतीय कप्तान

नई दिल्ली।टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने इस बात का खंडन किया है कि टी-20 वर्ल्ड कप के लिए किसी तरह की उनकी मीटिंग चीफ कोच और चीफ सेलेक्टर के साथ हुई है। रोहित ने ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज एडम गिलक्रिस्ट और पूर्व इंग्लिश कप्तान माइकल वॉन से हुई प्रेयरी फायर पॉडकास्ट पर कई मुद्दों पर बात की। रोहित ने पॉडकास्ट पर पूर्व क्रिकेटरों से बातचीत में कहा, 'मैं किसी से नहीं मिला। अजीत अजीत अगरकर दुबई में कहीं हैं, वो गोल्फ खेल रहे हैं। राहुल द्रविड़ बेंगलुरु में हैं और अपने बच्चे को खेलते हुए देख रहे हैं। मैं मुंबई में था। ईमानदारी से कहूं तो हम मिले नहीं हैं। जब तक आप मुझे , राहुल द्रविड़, अजीत या BCCI के किसी व्यक्ति को कैमरे के सामने आकर बात करते हुए नहीं सुनते, तब तक

सब बकवास है।' टी-20 वर्ल्ड कप 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाना है। वहीं 1 मई तक इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट सौंपनी हैं। ऐसे में वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान कुछ दिनों में हो जाएगा। टीम इंडिया के सिलेक्शन के लिए सिलेक्टर्स की मीटिंग 30 अप्रैल या 1 मई को हो सकती है

रोहित इम्पैक्ट प्लेयर नियम से नाखुश

रोहित इम्पैक्ट प्लेयर नियम से नाखुश हैं। उन्होंने पॉडकास्ट में इम्पैक्ट प्लेयर को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि मैं इम्पैक्ट प्लेयर नियम का प्रशंसक नहीं हूं। इससे ऑलराउंड खिलाड़ियों का महत्व घटेगा और उन्हें पीछे रखेगा। क्रिकेट 11 खिलाड़ियों का खेल है न कि 12 खिलाड़ियों। इम्पैक्टर प्लेयर के नियम आने से ऑलराउंड्र्स शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ियों को मौका नहीं मिल पा रहा है।

रैना ने किया दावा, मुंबई के खिलाफ आखिरी चार गेंदों पर बनाए थे 20 रन

दावा : धोनी अगले साल का आईपीएल भी खेल सकते हैं

नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी IPL के अगले सीजन में भी खेल सकते हैं। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने जियो सिनेमा के एक कार्यक्रम में यह दावा किया है। 14 अप्रैल को मुंबई इंडियंस (MI) के खिलाफ धोनी ने वानखेड़े स्टेडियम में लगातार तीन छक्के लगाए थे। इस मैच के बाद हुए डिस्कशन प्रोग्राम में एंकर ने धोनी के आगे खेलने पर सवाल किया था। धोनी 42 साल के हो गए हैं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से साल 2020 में 15 अगस्त को संन्यास ले चुके हैं। उनके IPL रिटायरमेंट की अटकलें 2023 से ही लगाई जा रही हैं। ऐसा माना जा रहा था कि साल 2023 धोनी का आखिरी साल होगा, पर उन्होंने उन्होंने लखनऊ के

वहीं आईपीएल के इस सीजन के शुरू होने से पहले चेन्नई की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड को सौंप दी गई। ऐसे में कयास लगाया जा रहा है कि आईपीएल में धोनी का यह आखिरी साल होगा।

इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान टॉस के बाद कमेंटेटर डैनी मॉरिसन ने धोनी से सवाल किया कि आप अपने आखिरी सीजन का आनंद ले रहे हैं? धोनी ने इसका जवाब देते हुए कहा, 'आपने फैसला किया है कि यह मेरा आखिरी IPL है।; इसके बाद धोनी हंसने लगे। मॉरिसन ने कहा कि धोनी अगले साल भी खेलते नजर आएंगे।

> एंकर ने सबसे पहले सवाल कार्यक्रम में मौजूद पूर्व फास्ट बॉलर आरपी सिंह से यह सवाल किया था। इस पर सिंह ने कहा- इसका बेहतर जवाब रैना दे पाएंगे।

धोनी ने मुंबई के खिलाफ आखिरी चार गेंदों पर बनाए थे 20 रन

महेंद्र सिंह धोनी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुंबई में खेले गए मैच में आखिरी चार गेंदों पर 20 रन बनाए थे। उन्होंने लगातार तीन गेंदों छक्के जड़े और एक गेंद पर 2 रन लिए। वहीं उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में भी 16 गेंदों में 37 रन बनाए, जिनमें चार चौके और 3 छक्के शामिल थे। इस सीजन में चार मैंचों में उन्हें निचले क्रम में बैटिंग का मौका मिला और उन्होंने 59 रन बनाए।

मनोरंजन

इस एक्ट्रेस को कपूर खानदान की बहू बनते देखना चाहती थीं करिश्मा

रणबीर अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ अपनी लव लाइफ को लेकर भी काफी चर्चा में रहे

नई दिल्ली। एनिमल एक्टर रणबीर कपूर आज के समय में भले ही अपनी लाइफ में सेटल हैं, लेकिन उनकी जिंदगी में एक समय ऐसा था जब वह अपने फिल्मी करियर से ज्यादा अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में रहते थे। दीपिका पादुकोण से लेकर कटरीना कैफ जैसी बड़ी-बड़ी एक्ट्रेसेज को 'सांवरिया' एक्टर डेट कर चुके हैं। हालांकि, रणबीर कपूर की बड़ी बहन करिश्मा कपूर की चाहत अपने भाई के लिए कुछ और ही थी। करिश्मा कपूर न तो दीपिका और न ही कटरीना कैफ और आलिया भट्ट, बल्कि किसी और ही एक्ट्रेस को अपनी भाभी बनाना चाहती थीं। आलिया भट्ट के साथ आज के समय में भले ही करीना-करिश्मा कपूर के काफी अच्छे संबंध हो, लेकिन एक समय पर लोलो 'सांवरिया' एक्ट्रेस सोनम कपूर को रणबीर कपूर की

> रणबीर कपूर और कटरीना कैफ जिस समय पर डेट कर रहे थे उस समय तो करीना कपूर ने खुलेआम 'भाभी' तक कह दिया था।

दुल्हन बनते हुए देखना चाहती थीं। इस बात का खुलासा खुद सोनम कपूर ने करण जौहर के शो 'कॉफी विद करण' में किया था। सोनम कपूर जब करीना कपूर खान के साथ करण जौहर के चैट शो में पहुंची थीं, तो उस समय निर्देशक ने उनसे सवाल करते हुए पूछा, 'क्या कभी उन्होंने कपूर खानदान की बहू बनने के बारे में सोचा है?

करिश्मा कपूर चाहती थीं ये एक्ट्रेस बने रणबीर कपूर की दुल्हन

खुद एक्ट्रेस ने करण जौहर के चैट शो पर किया था खुलासा

अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में रहे हैं रणबीर कपूर

सोनम-रणबीर भी कर चुके हैं एक-दूसरे को डेट

आपको बता दें कि सोनम कपूर और रणबीर कपूर ने साल 2007 में संजय लीला भंसाली की फिल्म 'सांवरिया' से इंडस्ट्री में साथ में कदम रखा था। इस दौरान दोनों के अफेयर की खबरें भी सामने आई थीं। हालांकि, दोनों का रिश्ता जल्द ही खत्म हो गया और 'रामायण' एक्टर की जिंदगी में दीपिका पादुकोण की एंट्री हो गयी।

विद्या बालन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'दो और दो प्यार' के प्रमोशन में काफी व्यस्त दिखाई दे रही

शाहरुख के लिए दिल में ये इच्छा दबाए बैठी हैं विद्या

नई दिल्ली। बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेस में से एक विद्या बालन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'दो और दो प्यार' के प्रमोशन में काफी व्यस्त दिखाई दे रही हैं। उनकी इस मूवी को रिलीज होने में अब बस कुछ ही घंटे बाकी हैं। शीर्षा गुहा ठाकुरता के निर्देशन में बनी यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक्ट्रेस अपनी पर्सनल-प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी कई बातें शेयर कर रही हैं।

अब इंडिया टुडे को दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस विद्या बालन ने शेयर किया है कि वह बॉलीवुड सुपरस्टार शाह रुख खान के साथ एक रोमांटिक फिल्म करना चाहती हैं। बता दें कि शीर्षा गुहा ठाकुरता के निर्देशन में बनी और समीर नायर, दीपक सहगल, तनुज गर्ग, अतुल कस्बेकर और स्वाति अय्यर चावला द्वारा निर्मित उनकी फिल्म 'दो और दो प्यार' 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस मूवी में विद्या के अलावा प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति भी मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाले हैं।

> विद्या बालन की फिल्म दो और दो प्यार आने वाली है। ऐसे में एक्ट्रेस लगातार अपनी इस मूवी को प्रमोट कर रही हैं। इस दौरान वह कई इंटरव्यू भी दे रही हैं और अपनी लाइफ से जुड़े कई किस्से भी शेयर कर रही हैं। अब हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में शाह रुख खान को लेकर बात की है।

रोमांटिक फिल्म करना चाहती हैं विद्या बालन शाह रुख खान के लिए कही ये बात जल्द दो और दो प्यार में आएंगी नजर

लव स्टोरी में करना चाहूंगी काम

हाल ही में विद्या बालन से जब पूछा गया कि वो बॉलीवुड के किन एक्टर्स के साथ काम करना चाहेंगी, तो उन्होंने शाह रुख खान का नाम लिया। उन्होंने कहा कि ओम शांति ओम में मेरा बहुत छोटा सा रोल था। मैं उनके साथ एक अच्छी लव स्टोरी में काम करना चाहूंगी।

इन फिल्मों में किया साथ काम

बता दें कि विद्या बालन और शाह रुख खान ने 'ओम शांति ओम' के अलावा हे बेबी में भी साथ काम किया था। हालांकि, इस मूवी में किंग खान ने छोटा सा कैमियो किया था।

> पिंकविला को दिए इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कि वह एक कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं। इस बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि एक एक्ट्रेस के रूप में मुझे लगता है कि मुझे कॉमेडी करने का अवसर नहीं मिला है और मैं कॉमेडी करने के लिए उत्सुक हूं।

दुबई में बारिश : 75 साल का टूटा रिकॉर्ड

तबाही

भारतीय दूतावास का हेल्पलाइन नंबर जारी पाक और अफगानिस्तान में 135 लोगों की मौत

■ ओमान में बारिश से 4 दिन में 20 मौतें, 10 स्कूली बच्चे शामिल

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान, अफगानिस्तान और कई खाड़ी देशों में पिछले 4 दिनों से हो रही बारिश के कारण हालात खराब हो गए हैं। UAE में बारिश ने 75 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। दुबई में बाढ़ जैसे हालात देखते हुए वहां मौजूद भारत के वाणिज्य दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। वहीं पाकिस्तान और अफगानिस्तान में बारिश की वजह आई बाढ़ में अब तक 135 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 70 लोग अफगानिस्तान में तो वहीं 65 ने पाकिस्तान में दम तोड़ दिया।

■ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में दुबई में करीब 15 .2 सेमी बारिश हुई है।

ओमान में भी बाढ़ के चलते 20 लोगों की मौत हुई है।

संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी, दुबई और अल ऐन जैसे शहरों में भी भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात हैं। इससे अब तक 1 शख्स की मौत हुई है। वहां साल भर की बारिश 2 दिन के भीतर हो गई। मंगलवार को सड़क, रेलवे और उड़ानों पर असर पड़ा। इन शहरों में ऑफिस और स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

इससे पहले बुधवार को दुबई में खराब मौसम के कारण भारत आने वाली 28 उड़ाने को रद्द कर दिया गया था। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में इमरजेंसी लगानी पड़ी थी।

दुबई एयरपोर्ट से आने-जाने वाली 300 फ्लाइट्स कैंसिल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में दुबई में करीब 15.2 सेमी बारिश हुई है। वहीं मंगलवार को यहां 10 इंच से ज्यादा बारिश हुई थी। BBC न्यूज के मुताबिक, बुधवार को दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आने-जाने वाली 300 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं।

एयरपोर्ट अथॉरिटी ने लोगों को वहां न आने की सलाह दी है। दूसरी तरफ, ओमान में बारिश की वजह से 1400 लोगों को शेल्टर में भेजा गया है। स्कूल और सरकारी ऑफिस को बंद कर दिया गया है।

22 अप्रैल तक तेज बारिश का अलर्ट

पाकिस्तान डिजास्टर मैनेजमेंट अथोरिटी ने बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा के चित्राल, दार, स्वात, अबोटाबाद लोगों को घर से न निकलने की एडवाइजरी जारी की है। पाकिस्तान के मौसम विभाग ने 22 अप्रैल तक पूरे देश में भारी बारिश, ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने भारी बारिश का कारण क्लाइमेंट चेंज बताया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों को राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। आवाजाही के लिए सड़कों को सुधारा जा रहा है। इसके अलावा पाकिस्तान के कई और प्रांतों के लिए बाढ़ की चेतावनी भी जारी की गई है।

रूसी इन्फ्लुएंसर ने रखा नवजात को सनलाइट में

■ सुपर ह्यूमन बनाना चाहता था, खाना-दूध न मिलने से बच्चे की मौत

मॉस्को, एजेंसी

रूस के इन्फ्लुएंसर मैक्सिम ल्यूटी को बेटे की मौत के मामले में 8 साल की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने ल्यूटी को अपने 1 माह के बेटे कॉसमोस की मौत का जिम्मेदार माना है। दरअसल इन्फ्लुएंसर ने अपने नवजात शिशु को भोजन और दूध की जगह सनलाइट (सूरज की रौशनी) से जीवित रखने की कोशिश की , जिसके कारण उसकी मौत हो गई। कोर्ट ने मैक्सिम ल्यूटी की पत्नी को भी 2 साल की कठोर पब्लिक सर्विस की सजा सुनाई है। ल्यूटी का मानना था कि सनलाइट देकर वह अपने बच्चे को सुपर ह्यूमन बना सकता था। लेकिन खाने की कमी की वजह से बच्चे को

निमोनिया हो गया और कमजोरी की वजह से उसकी मौत हो गई। मैक्सिम ल्यूटी वीगन लाइफस्टाइल प्रमोट करने के लिए पूरे रूस में मशहूर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कॉसमोस का जन्म घर पर ही हुआ था, क्योंकि ल्यूटी ने अपनी पत्नी ओक्साना मिरोनोवा को अस्पताल ले जाने से मना कर दिया था। इसके बाद उसने नवजात को सिर्फ वीगन डाइट पर भी रखा। वह बच्चे को खाने के लिए दूध, पानी की जगह बेरी देता था। इन्फ्लुएंसर को लगता था कि ऐसा करने से उसमें आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ेगी।

फास्ट न्यूज

भूकंप के तेज झटकों से थर्राया जापान, 9 घायल

टोक्यो। जापान के दक्षिणी-पश्चिमी इलाके में बुधवार की देर रात आए जोरदार भूकंप में नौ लोग घायल हो गए। बीती रात को 6.6 तीव्रता के झटकों के साथ भूकंप महसूस हुआ, लेकिन सुनामी का कोई खतरा नहीं है। अग्निशमन और आपदा प्रबंधन एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि एहिमे प्रान्त में छह, पड़ोसी कोच्चि में दो और क्यूशू द्वीप में दो अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं। इनमें से ज्यादातर घर पर गिरने की वजह से घायल हुए हैं।

इजराइल के गांव पर ड्रोन और मिसाइल से हमला

तेहरान। ईरान और इजराइल में चल रहे तनाव के बीच बुधवार शाम को इजराइली इलाके में हमला किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इजराइली आर्मी के बेस पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया गया। इसमें 14 लोग जख्मी हो गए। आतंकी संगठन हिजबुल्लाह ने हमले की जवाबदारी ली है। ड्रोन और मिसाइल अटैक अल-अरामशे गांव पर हुआ। घायलों को गैलिली मेडिकल सेंटर ने भर्ती कराया गया है। दो लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। इजराइल में ईरानी हमले के बाद से 5 बार वॉर कैबिनेट की मीटिंग हो चुकी है।

'हर दिन 6 लाख लीटर पानी की चोरी'

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको में झीलें चोरों द्वारा पानी के कालाबाजारी के कारण सूख रही है। चोर प्रतिदिन 600,000 लीटर पानी की चोरी करते हुए एक पूरे झील को सूखा दिया।सीएनएन एक नई रिपोर्ट के अनुसार, जब से अधिकारियों ने इसके गिरते जल स्तर पर नजर रखना शुरू किया है, तब से पश्चिमी राज्य मिचोआकेन में पैट्ज़कुआरो झील की मात्रा आधे से अधिक कम हो गई है।

पाकिस्तान में जंगल राज है : इमरान खान

बुशरा की गिरफ्तारी के लिए आर्मी चीफ जिम्मेदार

रावलपिंडी, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व PM इमरान खान ने कहा है कि देश में जंगल राज चल रहा है। इस जंगल के राजा आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर हैं। यहां जो भी होता है उनके हिसाब से होता है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए खान ने पत्नी बुशरा बीबी की गिरफ्तारी के लिए भी जनरल मुनीर को जिम्मेदार ठहराया। आर्मी चीफ को धमकी देते हुए इमरान ने कहा, ₹बुशरा की गिरफ्तारी के पीछे सीधे तौर पर जनरल मुनीर का हाथ है। अगर मेरी पत्नी को कुछ भी हुआ तो मैं उन्हें नहीं छोड़ूंगा। जब तक मैं जिंदा रहूंगा, उसके सारे गैरकानून और असंवैधानिक कामों का पर्दाफाश करता रहूंगा। खान ने आगे कहा, ₹जंगल के राजा ने चाहा तो नवाज शरीफ को सभी केस में माफी मिल

गई। राजा के कहने पर ही 5 दिन के अंदर हमें 3 मुकदमों में सजा सुना दी गई। देश की तंगहाल आर्थिक व्यवस्था पर बात करते हुए इमरान ने कहा, ₹देश की अर्थव्यवस्था में IMF से लोन नहीं, बल्कि निवेश के जरिए स्थिरता आएगी; लेकिन जंगल राज होने की वजह से यहां कोई निवेश नहीं कर रह है। यह अच्छी बात है कि सऊदी अरब से लोग यहां आ रहे हैं, लेकिन इन्वेस्टमेंट तभी होगा जब देश में कानून का शासन आएगा।

2.71 लाख का लोन साइन करवाना चाहती थी, पुलिस ने गिरफ्तार किया

ब्राजील में शव को व्हीलचेयर पर लेकर बैंक पहुंची महिला

महिला ने आगे कहा, "अंकल आप दस्तावेज पर साइन कर दीजिए, ताकि हम और परेशान न हों। हम यह और नहीं झेल सकते।"

बुजुर्ग की तरफ से कोई प्रतिक्रिया न होने पर बैंक के अधिकारियों को शक हुआ। वह एरिका से उन्हें वापस ले जाने के लिए कहते हैं।

रियो डी जनेरियो, एजेंसी

ब्राजील में एक महिला 68 साल के एक व्यक्ति का शव लेकर बैंक पहुंच गई। वो इस शव के जरिए 2.71 लाख का लोन लेना चाहती थी। एरिका डिसूजा न्यून्स नाम की महिला उस शव को अंकल कह रही थी। पुलिस ने एरिका को गिरफ्तार कर लिया है। घटना ब्राजील की राजधानी रियो डी जनेरियो की है।

दरअसल, मंगलवार (16 अप्रैल) को एरिका व्हीलचेयर पर एक बुजुर्ग को लेकर बैंक पहुंची। बुजुर्ग की हालत ठीक नहीं दिख रही थी, और उनका सिर लगातार कुर्सी पर पीछे की तरफ झुक जा रहा था। महिला बार-बार हाथ से सिर सीधा करने की कोशिश कर रही थी।

■ महिला के वकील ने दावा किया है कि बुजुर्ग की मौत बैंक में ही हुई।

मामले की जांच के बाद बुधवार को पुलिस ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर एरिका को गिरफ्तार कर लिया। शव को मुर्दाघर भेजा गया है। पुलिस चीफ फैबियो लुइज-सूजा ने ब्रिटिश अखबार द गार्जियन को बताया कि फोरेंसिक की रिपोर्ट के मुताबिक, बुजुर्ग की कई घंटों पहले ही मौत हो चुकी थी। एरिका यह बात पहले से जानती थी।

पुलिस के मुताबिक, एरिका शव को लेकर बैंक पहुंची, ताकि वहां अधिकारी बुजुर्ग की खराब हालत देकर जल्दी लोन अप्रूव कर दें। हालांकि, एरिका के वकील ने दावा किया है कि बुजुर्ग की मौत बैंक में ही हुई। एरिका को इसकी कोई खबर नहीं थी।

शव से बात कर रही थी महिला, सिक्योरिटी कैमरा में वीडियो रिकॉर्ड

इसके बाद एरिका ने बुजुर्ग के हाथ में पेन पकड़ाने की कोशिश की। वो बार-बार उनसे पेपर पर साइन करने के लिए कह रही थी। सिक्योरिटी कैमरा में रिकॉर्ड हुए वीडियो के मुताबिक, एरिका कहती है, ₹अंकल आप सुन रहे हैं। आपको पेपर पर साइन करने की जरूरत है। नहीं तो हमें लोन नहीं मिल पाएगा। मैं आपकी जगह साइन नहीं कर सकती।

महिला ने बैंककर्मियों से कहा- अंकल कुछ बोलते नहीं हैं

इस पर एरिका उन्हें बताती है कि उसके अंकल ऐसे ही रहते हैं। वो कुछ बोलते नहीं हैं। एरिका बुजुर्ग की तरफ देखकर कहती है, ₹अगर आपकी तबियत ठीक नहीं है, तो आपको वापस अस्पताल जाना होगा।₹ महिला की तमाम कोशिशों के बावजूद बैंक कर्मियों का शक दूर नहीं होता है। इसके बाद वे पुलिस को सूचना देते हैं।

अलर्ट : इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटा

24 घंटे में 5 विस्फोट हुए, 11 हजार लोगों को रेस्क्यू किया गया, एयरपोर्ट बंद

जकार्ता, एजेंसी

इंडोनेशिया के माउंट रुआंग पर बुधवार से लगातार ज्वालामुखी विस्फोट हो रहे हैं। यहां 24 घंटे में 5 बार वोल्कैनो फटा है। खतरे को देखते हुए रुआंग के आसपास के क्षेत्र में रह रहे 11 हजार लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजा जा चुका है।

डिजास्टर मैनेजमेंट के अधिकारियों ने अगले 24 घंटे तक एयरपोर्ट बंद रखने का आदेश दिया है। ज्वालामुखी से बह रहे लावा और राख की वजह से सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। अलजजीरा के मुताबिक, माउंट रुआंग पर पहला विस्फोट मंगलवार (16 अप्रैल) रात 9:45 मिनट पर हुआ।

इसकी वजह से हजारों फीट ऊंचा लावा उठा और राख फैल गई है। इससे पहले 1871 में इंडोनेशिया में अब तक का सबसे बड़ा ज्वालामुखी विस्फोट हुआ था।

इंडोनेशिया के जियोलॉजिकल एजेंसी के अध्यक्ष ने बताया, ₹रुआंग

2 भूकंप की वजह से ज्वालामुखी फटा

इंडोनेशिया में आपदा केंद्र अलर्ट मोड पर है। डिजास्टर मैनेजमेंट के अधिकारियों का कहना है कि माउंट रुआंग के पास हाल ही में 2 भूकंप आए थे। इसकी वजह से टेक्टोनिक प्लेट्स अस्थिर हो गईं, जो ज्वालामुखी फटने का कारण बनीं।

ज्वाल्मुखी फटने के बाद आसमान में 2 किमी की ऊंचाई तक राख का गुबार उठा। दूसरे विस्फोट के बाद यह ऊंचाई 2.5 किमी हो गई। अलजजीरा के मुताबिक, इंडोनेशिया 'रिंग ऑफ फायर' के क्षेत्र में आता है। यहां पैसेफिक महासागर के करीब हॉर्स-शू के शेप की टेक्टॉनिक फॉल्ट लाइन्स हैं। देश में 120 एक्टिव वोल्कैनो मौजूद हैं।

अधिकारियों ने बताया कि लोगों को रेस्क्यू करने के लिए 20 बचावकर्मियों को तैनात किया गया है। अलजजीरा के मुताबिक, इंडोनेशिया की वोल्कैनो एजेंसी ने खतरे को देखते हुए लेवल 4 की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा ज्वालामुखी के पास के 6 किमी क्षेत्र को एक्सक्लूजिव जोन घोषित किया गया है।

2018 में ज्वालामुखी से आई थी सुनामी

इससे पहले पिछले साल दिसंबर में इंडोनेशिया के मारापी ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ था। इस दौरान 11 पर्वतारोहियों की मौत हो गई थी। 2,891 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित ज्वालामुखी ने लगभग 3 किलोमीटर की ऊंचाई तक राख फेंकी थी। साल 2018 में, इंडोनेशिया के क्राकाटाऊ ज्वालामुखी के विस्फोट के कारण पहाड़ के कुछ हिस्से समुद्र में गिरने के बाद सुमात्रा और जावा के तटों पर सुनामी आई थी, जिसमें 430 लोग मारे गए थे।

नेस्ले एशिया-अफ्रीका के बेबी फूड में मिलाती है चीनी

■ दूध और सेरेलेक जैसे फूड्स के 1 सर्विंग में एवरेज 4 ग्राम शुगर मिली

बेल्जियम, एजेंसी

FMCG कंपनी नेस्ले डेवलपिंग देशों में बिकने वाले बच्चों के दूध और सेरेलेक जैसे फूड प्रोडक्ट्स में शक्कर और शहद मिलाती हैं। ज्यूरिख स्थित पब्लिक आई एंड इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, एशिया, लैटिन अमेरिका और अफ्रीका में बिकने वाले छह महीने तक के बच्चों के लिए गेहूं से बने लगभग सभी बेबी फूड्स में प्रति कटोरी (1 सर्विंग) में एवरेज 4 ग्राम शुगर की मात्रा पाई गई। पब्लिक आई ने इन देशों में कंपनी के 150 प्रोडक्ट्स की जांच बेल्जियम स्थित लैब में की।

पब्लिक आई का यह दावा अगर सही पाया जाता है, तो यह वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (WHO) के निर्देशों का उल्लंघन है। WHO के गाइडलाइन के मुताबिक 3 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए भोजन में कोई शुगर या मीठे पदार्थ का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

इसमें सबसे ज्यादा फिलीपींस में 1 सर्विंग में 7.3 ग्राम शुगर मिली। वहीं, नाइजीरिया में 6.8 ग्राम और सेनेगल में 5.9 ग्राम शुगर बेबी फूड्स में देखने को मिला। इसके अलावा, 15 में से सात देशों ने प्रोडक्ट के लेवल पर शुगर होने की जानकारी ही नहीं दी।

वोडाफोन आइडिया का एफपीओ हुआ ओपन

■ 22 अप्रैल तक बोली लगा सकेंगे रिटेल निवेशक, मिनिमम इन्वेस्टमेंट 14,278

मुंबई, एजेंसी

टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया का फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर यानी FPO आज ओपन हो गया है। इस इश्यू के जरिए कंपनी 18,000 करोड़ जुटाना चाहती है।

रिटेल निवेशक इस FPO के लिए 22 अप्रैल तक बोली लगा सकते हैं। 25 अप्रैल को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर कंपनी के ये शेयर लिस्ट होंगे। इससे पहले VI ने 74 एंकर इन्वेस्टर्स से 5,400 करोड़ रुपए जुटाए हैं।

अगर आप भी इस FPO में पैसा लगाने का प्लान बना रहे हैं तो हम

आपको बता रहे हैं कि आप इसमें कितना निवेश कर सकते हैं।

इस FPO के लिए रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 1298 शेयर के लिए अप्लाई कर सकते हैं। कंपनी ने FPO का प्राइज बैंड 10-11 प्रति शेयर तय किया है। यदि आप FPO के अपर प्राइज बैंड 11 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको 14,278 लगाने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 14 लॉट यानी 18172 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए 199,892 इन्वेस्ट करने होंगे।

प्रतिक्रिया : एलन मस्क के बयान पर कहा- संस्थान को 21वीं सदी के लायक बनाना जरूरी

अमेरिका ने यूएनएससी में बदलाव का किया समर्थन

वॉशिंगटन, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की परमानेंट सीट को लेकर एलन मस्क के बयान पर अमेरिका की प्रतिक्रिया सामने आई है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वेदांत पटेल ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा, ₹अमेरिका UNSC समेत संयुक्त राष्ट्र के दूसरे संस्थानों में सुधार का समर्थन करता है। इन संस्थानों में कुछ बदलावों की जरूरत हैं।

वेदांत पटेल ने आगे कहा, "राष्ट्रपति ने UN की बैठक में भी इस बारे में बात की है। हम UNSC में सुधारों का समर्थन करते हैं, ताकि यह 21वीं सदी के लायक हो सके। हम किसी एक सुधार का फिलहाल



जिक्र नहीं कर रहे हैं। लेकिन यह तय है कि UNSC में बदलाव की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस किसी अफ्रीकी देश के पास UNSC की सदस्यता न होने पर चिंता जता चुके हैं। भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की मांग कर रहा है। भारत स्थायी सीट के जरिए विकासशील देशों का प्रतिनिधित्व करना चाहता है। अब अमेरिका के समर्थन के बाद देश की मांग को और गति मिली है। भारत लगातार देशों से UNSC में स्थायी सदस्यता के लिए समर्थन जुटा रहा है। इससे पहले जनवरी में, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए बढ़ते वैश्विक समर्थन पर जोर दिया था। मार्च में UN में भारत की परमानेंट प्रतिनिधि रुचिरा कम्बोज ने कहा था कि सुरक्षा परिषद में सुधारों पर चर्चा 1990 के दशक में शुरू हुई थी।

मस्क ने यह टिप्पणी संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा यू एनएससी के स्थायी देशों में किसी भी अफ्रीकी देश की मौजूदगी न होने पर चिंता जताने के बाद आई थी।

'भारत को परमानेंट सीट न देना बेतुका'

टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने जनवरी में भारत को UNSC में स्थायी सदस्यता न देने को बेतुका बताया था। मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था , ₹कुछ चीजों पर UN में संशोधन की जरूरत है। लेकिन कुछ देश अपनी शक्ति को नहीं छोड़ना चाहते हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाले देश भारत के पास UNSC में परमानेंट सीट न होना बेतुका है। अफ्रीका को भी सामूहिक रूप से एक स्थायी सीट मिलनी चाहिए।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96